वर्ष 24, अंक 299, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 8 मई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## अब मुख्यमंत्री नहीं रहीं ममता बनर्जी

### राज्यपाल ने बर्खास्त किया पश्चिम बंगाल कैबिनेट



**ममता** बनर्जी के इस्तीफा नहीं देने के बाद राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल बर्खास्त कर दिया. बंगाल चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद ममता बनर्जी ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद राज्यपाल ने ये फैसला लिया है.

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार (6 मई 2026) को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार किया और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का परिणाम 'जनादेश नहीं बल्कि एक साजिश' है. साथ ही उन्होंने सड़कों पर उतरकर लड़ाई लड़ने और विपक्षी इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का संकल्प लिया.

ममता बनर्जी ने ये भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने बीजेपी के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ा, बल्कि उसकी लड़ाई चुनाव आयोग से थी, जिसने बीजेपी के लिए काम किया. उन्होंने कहा था, ह्यमेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि हमारी हार जनता के जनादेश से नहीं, बल्कि एक साजिश के तहत हुई है. मैं हारी नहीं हूं, मैं लोक भवन नहीं जाऊंगी. लगभग 100 सीट पर जनादेश को लूट लिया गया और उनकी पार्टी का मनोबल गिराने के लिए जानबूझकर मतगणना धीमी की गई.'

## गवर्नर ने टीवीके को बुलाया, थलपति ने किया दावा, लेफ्ट का साथ मिला, तमिलनाडु में क्या चल रहा?




**तमिलनाडु: तमिलनाडु** में सत्ता से डीएमके को हटाने के बाद फिलहाल नई सरकार को लेकर सस्पेंस बना हुआ है. इसकी वजह है, जनादेश में बड़ी पार्टी बनी टीवीके है, जो बहुमत से 10 सीट दूर रह गई है. विजय को कांग्रेस का साथ तो मिला है, लेकिन 118 का आंकड़ा तब भी कोसों दूर है. इधर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से बुधवार को मुलाकात के बाद गुरुवार को फिर से टीवीके ने राज्यपाल से मुलाकात की है.

इससे पहले राज्यपाल ने विजय को 118 विधायकों की संख्या पूरी करने के बाद आने को कहा था. उनका सरकार बनाने का दावा उन्होंने स्वीकार नहीं किया था. गुरुवार को भी तमिलनाडु में पूरे दिन सियासी उठापटक चलती रही. आइए जानते हैं, 7 मई को तमिलनाडु में सियासी नजर से क्या बड़ा हुआ है?

इससे पहले बता दें, कि 4 मई को तमिलनाडु विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया. इसमें एक्टर विजय की तीन से पहले बनी पार्टी टीवीके बड़ी पार्टी बनकर उभरी. जनादेश ने डीएमके और एआईडीएमके को बेदखल कर दिया. तब से ही यहां सरकार गठन को लेकर हाई-वोल्टेज ड्रामा चल रहा है.

गवर्नर ने विजय को फिर बुलाया, मांगा सबूत

इधर, गुरुवार को तमिलनाडु के गवर्नर आर.एन.रवि ने टीवीके प्रमुख थलापति विजय को लगातार दूसरे दिन लोकभवन भुलाया. गवर्नर ने उनसे 118 विधायकों के समर्थन के बिना शपथ दिलाने से इनकार कर दिया.

साथ ही सरकार के लिए स्पष्ट बहुमत साबित करने को कहा गया है।

## हावड़ा के शिबपुर में कई बम धमाके, बीजेपी नेता को बनाया निशाना




**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल के हावड़ा स्थित शिबपुर झुग्गी बस्ती में गुरुवार को कई देसी बमों के विस्फोट के बाद तनाव का माहौल छा गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई और निवासियों में अफरा-तफरी और चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोटों के कारण ईंटें हवा में उड़ने लगीं और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि पुलिस को भारी संख्या में मौके पर पहुंचना पड़ा और त्वरित कार्रवाई बल (आरपीए) के जवानों ने शांति बहाल करने में मदद की।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता मनोज खान बम हमले का निशाना बने। कुछ उपद्रवियों ने अफरा-तफरी के दौरान आसपास की दुकानों में तोड़फोड़ करने का भी प्रयास किया। हिंसा में कई लोग घायल हो गए, जिससे इलाके में पहले से ही व्याप्त भय और बढ़ गया। यह घटना ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की भाजपा के हाथों चुनाव में करारी हार के कुछ दिनों बाद हुई है।

भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर हमलों की साजिश रचने का आरोप लगाया है, जिससे क्षेत्र में राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का दावा है कि घटना के दौरान लगभग सात देसी बम विस्फोट हुए और कम से कम दो बार गोलियां चलाई गईं। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस टीमें इन दावों की जांच कर रही हैं और क्षेत्र में कड़ी निगरानी रख रही हैं। पश्चिम बंगाल में 4 मई को विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से हिंसा की कई घटनाएं सामने आ रही हैं।

बुधवार रात को एक चौंकाने वाली घटना में, भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक की अज्ञात हमलावरों ने उत्तर 24 परगना जिले में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मध्यग्राम क्षेत्र में जेस्सोर रोड पर दोहरिया के पास घटी, जब अधिकारी के कार्यकारी सहायक चंद्रनाथ रथ कोलकाता से अपनी कार में अपने फ्लैट लौट रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, मोटरसाइकिल पर सवार हमलावरों ने रथ की गाड़ी को रोका और करीब से गोलियां चलाकर मौके से फरार हो गए।

### ममता बनर्जी  को हराने की वजह से मेरे सहयोगी का मर्डर हुआ



**अपने** सहायक कर्मचारी चंद्रनाथ रथ की हत्या के एक दिन बाद, भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि चंद्रनाथ रथ की हत्या का एकमात्र कारण यह है कि वह उनके कार्यकारी सहायक थे और उन्होंने भाबनीपुर में ममता बनर्जी को हराया था। उन्होंने कहा कि चंद्रनाथ रथ की हत्या का एकमात्र कारण यह है कि वह मेरे कार्यकारी सहायक थे और मैंने भाबनीपुर में ममता बनर्जी को हराया था। मैं अपनी सभी जिम्मेदारियों को पूरा करूंगा। सुवेंदु अधिकारी के सहायक चंद्रनाथ रथ का पार्थिव शरीर मध्यग्राम के अस्पताल से उनके आवास पर लाया गया। इस दौरान सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि इस हत्या की हम जितनी भी निंदा करें, वह काफी नहीं है। उनकी हत्या इसलिए की गई क्योंकि वे मेरे सहयोगी थे और मैंने भाबनीपुर में ममता बनर्जी को हराया था। यही उनकी हत्या का कारण हो सकता है। मैं उनके परिवार के साथ खड़ा हूं और परिवार की मांग है कि इस हत्या के दोषियों को गिरफ्तार किया जाए और उन्हें सजा दी जाए। पोस्टमार्टम से पता चला है कि उन पर चार गोलियां चलाई गईं... यह हत्या सुनियोजित थी।

## यूपी: मुजफ्फरनगर में पुलिस का ऑपरेशन क्लीन, 24 घंटे में 7 एनकाउंटर, 10 बदमाश गिरफ्तार

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में पुलिस ने पिछले 24 घंटे में अपराधियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए 7 अलग-अलग मुठभेड़ों में 10 बदमाशों को गिरफ्तार किया है. इनमें 9 बदमाश पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हुए हैं. कार्रवाई जिले के नई मंडी, मंसूरपुर, बुढाना और नगर कोतवाली थाना क्षेत्रों में की गई.

पुलिस ने जवाबी फाइरिंग में बदमाशों को दबोचा

पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ों के दौरान बदमाशों ने फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें दबोच लिया. गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचे, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस, 6 मोटरसाइकिल, एक स्कूटी, लूटी गई ज्वेलरी और नगदी बरामद की गई है।

## 'भगवंत मान मानसिक संतुलन खो चुके हैं' ब्लास्ट के बाद पंजाब सीएम के बयान पर बीजेपी के बिगड़े बोल

**पंजाब**

**पंजाब** में हालिया बम धमाकों को लेकर सियासत तेज हो गई है. भारतीय जनता पार्टी की पंजाब इकाई के उपाध्यक्ष फतेहजंग सिंह बाजवा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तीखा हमला करते हुए विवादित बयान दिया है. उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है, उन्हें इसकी जांच करानी चाहिए. पूरे पंजाब और विपक्ष की ओर से सवाल उठाए जा रहे हैं, लेकिन जिस तरह वे बयान दे रहे हैं और बीजेपी पर ही धमाकों का आरोप लगा रहे हैं, वह गंभीर है. आप पंजाब के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री भी हैं, तो सच्चाई जनता के सामने क्यों नहीं लाते?' दरअसल, पंजाब में अमृतसर और जालंधर में हुए बम धमाकों के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं. मुख्यमंत्री भगवंत मान ने श्री आनंदपुर साहिब से बीजेपी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि 'ये बम धमाके बीजेपी की चुनावी तैयारी का हिस्सा हैं. छोटे-मोटे ब्लास्ट कर लोगों को डराकर वोट लेने की कोशिश की जा रही है।

## एनडीए के कैबिनेट में 'पुत्र' उदय

### नीतीश कुमार के बेटे निशांत समेत 3 पूर्व सीएम के लाल बने मंत्री




**बिहार**

**बिहार** के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल का गुरुवार को पूर्ण विस्तार हुआ, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को मंत्री बनाया जाना प्रमुख आकर्षण रहा। चौधरी के मंत्रिमंडल में अब तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे शामिल हैं - नीतीश कुमार के बेटे निशांत, जगन्नाथ मिश्रा के बेटे नीतीश मिश्रा और जीतन राम मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन। तीनों ने गुरुवार को शपथ ली। एनडीए ने पटना के गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। हवाई अड्डे से समारोह स्थल जाते समय, सड़क के दोनों ओर कतार में खड़े लोगों ने मोदी के वाहन पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं।

पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा, जीतन राम मांझी और चिराग पासवान, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और आरएलएम प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा सहित कई गणमान्य व्यक्ति समारोह में उपस्थित थे। इंजीनियरिंग स्नातक निशांत कुमार, जो लंबे समय से सक्रिय राजनीति से दूर रहे हैं, ने जेडीयू नेतृत्व के लगातार आग्रह के बाद मंत्री पद की शपथ ली। खबरों के मुताबिक, निशांत कुमार ने शुरू में यह प्रस्ताव ठुकरा दिया था, यह कहते हुए कि वे कोई भी औपचारिक पद स्वीकार करने से पहले एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता के रूप में अपनी साख साबित करना चाहते हैं।

## गर्भवती पत्नी को जलाने के मामले में दोषी पति को बड़ी राहत, HC ने कम की सजा




**नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने दहेज के लिए गर्भवती पत्नी को जलाने के मामले में दोषी पति और उसके परिवार को बड़ी राहत देते हुए उनकी सजा कम कर दी. कोर्ट ने कहा कि महिला अब अपने पति और परिवार के साथ रह रही है और उसने सबको माफ कर दिया है इसलिए उन्हें दोबारा जेल भेजना परिवार की शांति बिगाड़ सकता है. करीब 25 साल पुराने इस मामले में दिल्ली के राजापुरी इलाके की रहने वाली सविता को नवंबर 2000 में कथित तौर पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया था.. आरोप था कि सास और देवर ने सविता को पकड़ा और पति राजू ने उस पर आग लगा दी.. उस समय सविता गर्भवती थी. घटना के बाद उसे अस्पताल ले जाने के बजाय मायके भेज दिया गया जहां उसका घरेलू और आयुर्वेदिक इलाज कराया गया. बाद में उसने एक बच्ची को जन्म दिया.

डिलीवरी के करीब 20 दिन बाद सविता ने 13 अप्रैल 2001 को डाबड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी..

इसके बाद पुलिस ने पति राजू, सास बार्दी देवी और देवर शंभू के खिलाफ हत्या की कोशिश, दहेज प्रताड़ना और गलत तरीके से बंधक बनाने समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था।

## धामी सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश

### घर-घर पहुंचेगी जनगणना टीम, गलत जानकारी देने पर होगा एक्शन




**उत्तराखण्ड**

**देश** में आगामी जनगणना की तैयारियां अब जमीनी स्तर पर शुरू हो गई हैं. उत्तराखण्ड शासन ने इस महाअभियान को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं. सचिव जनगणना दीपक कुमार की ओर से जारी इन निदेशों में प्रदेशवासियों से अपेक्षा की गई है कि वे जनगणना कर्मियों को पूरा सहयोग दें और पूछे गए सवालों के सही-सही जवाब दें

जनता के लिए क्यों जरूरी है जनगणना?

जनगणना महज आंकड़ों का संग्रह नहीं है, यह देश की योजनाओं की नींव है. इससे मकानों की दशा, बुनियादी सुविधाएं, साक्षरता दर, धर्म, आर्थिक गतिविधियां, प्रवासन और जनसांख्यिकी से जुड़ी तमाम जानकारियां गांव और शहर दोनों स्तरों पर दर्ज होती हैं.

केंद्र और राज्य सरकारें इन्हीं आंकड़ों के आधार पर नीतियां बनाती हैं, योजनाएं तैयार करती हैं और प्रशासनिक फैसले लेती हैं. इतना ही नहीं, संसदीय व विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन से लेकर पंचायत स्तर तक के आरक्षण का निर्धारण भी इन्हीं जनगणना आंकड़ों के आधार पर होता है. यूपी में इन उपचुनावों के नतीजे जारी, बीजेपी उम्मीदवार ने सपा को दी करारी शिकस्त

शासन ने साफ किया है कि जनगणना अधिकारी को अपने निर्धारित क्षेत्र में घर-घर जाकर केंद्र सरकार द्वारा तय सवाल पूछने का पूरा अधिकार होगा.

हर नागरिक का यह कानूनी फर्ज है कि वह अपनी जानकारी के अनुसार सही और स्पष्ट जवाब दें. हालांकि, महिलाओं की गरिमा का पूरा ध्यान रखा गया है. किसी भी व्यक्ति को परिवार की किसी महिला सदस्य का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।

इसी तरह, कोई भी महिला अपने पति या किसी ऐसे व्यक्ति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं होगी।

## ब्रिक्स संबंधी मुद्दों पर आया विदेश मंत्रालय का बड़ा बयान



**नई दिल्ली**

**भारतीय** विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज कई महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत का स्पष्ट और दृढ पक्ष रखा। ब्रीफिंग में आतंकवाद, पाकिस्तान, कनाडा, ब्रिक्स और कैलाश मानसरोवर यात्रा जैसे विषय प्रमुख रूप से उठे। भारत ने एक बार फिर दोहराया कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के मामले में उसकी नीति पूरी तरह स्पष्ट और अडिग है।

विदेश मंत्रालय ने सबसे पहले आपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ का उल्लेख किया। रणधीर जायसवाल ने कहा कि पूरी दुनिया ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की वास्तविकता को देखा और समझा। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद का करारा जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद को अपनी राज्य नीति के एक साधन के रूप में इस्तेमाल करता रहा है।

उन्होंने दो टूक कहा कि भारत को आतंकवाद के खिलाफ अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है और देश वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ अभियान को और मजबूत करने के लिए निरंतर काम करता रहेगा।

सिंधु जल संधि के मुद्दे पर भी भारत ने अपना रुख दोहराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से सीमा पार आतंकवाद को समर्थन दिए जाने के कारण यह संधि फिलहाल स्थगित स्थिति में है।

भारत ने स्पष्ट किया कि जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय तरीके से आतंकवाद को समर्थन देना पूरी तरह बंद नहीं करता, तब तक भारत का रुख नहीं बदलेगा। इस बयान को दोनों देशों के बीच जारी तनाव के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कनाडा की खुफिया एजेंसी द्वारा भारत पर विदेशी हस्तक्षेप के आरोपों को भी विदेश मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया।

## 'हंगामा मकसद नहीं, सूरत बदलनी चाहिए'




**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू**-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के अवसर पर, सशस्त्र बलों ने गुरुवार को कहा कि सैन्य कार्रवाई ने देश की गहरी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया है और राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने का संकल्प लिया है। राजस्थान के जयपुर में सेना, वायु सेना और नौसेना द्वारा आयोजित एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में, सशस्त्र बलों ने यह भी दोहराया कि सरकार ने उन्हें पूरी छूट दी थी और कहा कि पूरा ऑपरेशन सुनियोजित तरीके से, सटीकता, अनुपात और स्पष्ट उद्देश्य के साथ चलाया गया था।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि सरकार ने हमें दो स्पष्ट निर्देश दिए थे: स्पष्ट राजनीतिक-सैन्य उद्देश्य और इन्हें प्राप्त करने के लिए परिचालन लचीलापन। आतंकी तंत्र को नष्ट करने और कमजोर करने, उनकी योजनाओं को बाधित करने और इन ठिकानों से भविष्य में होने वाले आक्रमणों को रोकने का स्पष्ट लक्ष्य बहुत ही स्पष्ट रूप से बताया गया था। उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं। मेरी कोशिश है कि यह सूरत बदलनी चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं था, बल्कि शुरूआत थी। आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी रहेगी। एक साल बाद, हम न सिर्फ ऑपरेशन को याद करते हैं, बल्कि इसके पीछे के सिद्धांत को भी याद करते हैं। भारत अपनी संप्रभुता, अपनी सुरक्षा और अपने लोगों की रक्षा दृढ़ता से, पेशेवर तरीके से और पूरी जिम्मेदारी के साथ करेगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद भारतीय वायु सेना के एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर को रोके जाने के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत का उद्देश्य आतंकी लॉन्चपैडों को नष्ट करना और यह साबित करना था कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। उन्होंने दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि सिर्फ स्थगित किया गया है।

# पन्द्रह दिन पूर्व अपहृत किशोरी का सड़ी गली लाश मऊआइमा से बरामद

## सराय इनायत और मऊआइमा पुलिस ने संयुक्त रूप से शव बरामद किया

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** गुरूवार को मऊआइमा और सराय इनायत की पुलिस फोरेंसिक टीम ने संयुक्त रूप से पन्द्रह दिन पूर्व अपहृत की गई किशोरी कि सडी गली लाश नहर के झाड से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया गया कि प्रयागराज के सराय इनायत थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनीपुर निवसनीय एक 17 वर्षीय किशोरी 20 अप्रैल सुबह घर से लाखों रूपया का आभूषण और नकदी लेकर एक महिला की साज़िश से एक युवक के साथ भाग गई थी। 21 अप्रैल को गायब किशोरी की माता ने सराय इनायत थाना में बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी असमित कुमार वर्मा पुत्र सुरेश कुमार वर्मा किशोरी को बहला फुसलाकर का भगाने में सहयोग करने वाली महिला रिया पटेल के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराया था। गायब किशोरी की माता ने प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि कहीं उसकी बेटी से लाखों रूपया का जेवरात छीन कर अपहरणता हत्या कर सकते हैं। बताया गया है कि सराय इनायत पुलिस फोरेंसिक टीम ने गुरुवार सुबह एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर मऊआइमा थाना लायी। जहां मऊआइमा पुलिस के सहयोग से ग्राम हरखपुर स्थित शारदा सहायक नहर की झाडी से शव बरामद कर लिया है।



प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा राम मूर्ति यादव ने बताया कि शव गल चुकी थी।शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट सराय इनायत जाएगी। चूंकि सारा मामला सराय इनायत क्षेत्र का है।

## बसरिया गांव की सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ फरार हो गया ठिकेदार

**करछना।** विधानसभा करछना परिक्षेत्र बसरिया गांव की सड़क का मरम्मत का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा विगत एक माह पहले शुरू किया गया था जिसमें बेदौ से करछना तहसील मुख्यालय तक डामरी करण एक किलोमीटर तक कराया गया है, वहीं ठिकेदार द्वारा बसरिया गांव प्राथमिक विद्यालय स्कूल से साधूकुटी चौराहे पर निर्माण कार्य कराया जाना था, लगभग एक किलोमीटर दूरी तक सड़क पूरी तरह उखड़ गई है जिसके लिए विभाग द्वारा जगह-जगह गिट्टी बीच सड़क पर गिराई गई है। ग्रामीणों को आस लगी थी कि इस सड़क मार्ग के बन जाने से आवागमन सुविधा उपलब्ध हो जाएगी, लेकिन विभाग के ठिकेदार द्वारा बसरिया गांव की सड़क का मरम्मत डामरीकरण बीच में छोड़कर भाग गया जिससे सड़क का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, ग्रामीणों ने सम्बंधित विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान इस ओर केंद्रित करने की मांग की है।

# मुविवि में आज जुटेंगे देशभर के प्रबंधन और जीएसटी विशेषज्ञ, 520 शोध पत्रों पर होगा मंथन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में शुक्रवार को जीएसटी 2.0 सुधारों पर राष्ट्रीय स्तर का मंथन होगा। विश्वविद्यालय और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर से आए शिक्षाविद, कर विशेषज्ञ और शोधार्थी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में पूर्वाह्न 10:30 बजे से शुरू होगा।

संगोष्ठी का उद्देश्य जीएसटी सुधारों के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों पर चर्चा के साथ नीति निर्माण और अकादमिक विमर्श को नई दिशा देना है। कार्यक्रम के संयोजक देवेश रंजन त्रिपाठी ने बताया कि उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि नागेश्वर राव होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जीएसटी विभाग लखनऊ के उपायुक्त दिव्येंदु शेखर गौतम मौजूद रहेंगे। मुख्य वक्ता के तौर पर आलोक कुमार राय अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति सत्यकाम करेंगे।

**छह तकनीकी सत्रों में होंगे शोध प्रस्तुत**

संगोष्ठी में छह तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से आए 520 प्रतिभागी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। विभिन्न सत्रों में कर व्यवस्था, जीएसटी सुधारों की चुनौतियां, आर्थिक प्रभाव और नीति संबंधी पहलुओं पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे।

कार्यक्रम में प्रोफेसर लवकुश मिश्रा, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार, सीए सुमित अग्रवाल, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. एसटी जोसेफ, डॉ. रेजिना जॉन, प्रोफेसर मानस पांडेय, डॉ. एसी पांडेय समेत कई शिक्षाविद और विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे।

**नीति निर्धारण में मददगार होंगे सुझाव**

विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि संगोष्ठी के माध्यम से जीएसटी सुधारों को बेहतर ढंग से समझने और उनके प्रभावों का विश्लेषण कर सुझाव तैयार किए जाएंगे, जिन्हें नीति निमार्ताओं तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विश्वविद्यालय परिवार अपने पूर्व कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव के आगमन को लेकर उत्साहित है।

## स्कूल शिक्षिका रहस्यमय ढंग से लापता परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**सहसों।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत चकिया धरहरा गांव निवासी एक युवती के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं व्याप्त हैं।

जानकारी के अनुसार चकिया धरहरा गांव निवासी संजना त्रिपाठी प्रतापपुर क्षेत्र के उग्रसेनपुर स्थित एक पब्लिक स्कूल में अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं। बीते 2 मई को वह रोज की तरह घर से विद्यालय जाने के लिए निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं लौटीं। काफी इंतजार के बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, मगर उनका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का आरोप है कि उग्रसेनपुर निवासी ताजुद्दीन पुत्र समरुद्दीन, जिसकी पुत्री उसी विद्यालय में पढ़ती थी, काफी समय से संजना का पीछा कर परेशान करता था। परिवार वालों के अनुसार संजना ने कई बार इस बात की जानकारी घर पर दी थी। इसी वजह से परिजनों ने उसे दूसरे विद्यालय में पढ़ाने भेजना शुरू कर दिया था, लेकिन आरोपित अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। बताया गया कि घटना वाले दिन संजना को सहसों चौराहे तक छोड़ा गया था, जहां से वह विद्यालय जाने के लिए निकली थीं। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका। रिश्तेदारों एवं संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन के बावजूद सफलता न मिलने पर परिजनों ने ताजुद्दीन पर अपहरण की आशंका जताते हुए सरायइनायत थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राजेश कुमार चौबे को सौंपी गई है। वहीं परिजनों ने पुलिस प्रशासन से युवती की सकुशल बरामदगी की मांग की है।

# पर्यटकों के दृष्टिगत संगम क्षेत्र में साफ सफाई का काम जोरो पर

## श्रद्धालुओं की सुलभता का रक्खा जा रहा है विषेश ध्यान डॉ : धर्मेन्द्र यादव






**प्रयागराज।** संगम क्षेत्र में सैनिटेशन प्रभारी डॉ आनंद कुमार सिंह के निदेर्शानुसार साफ सफाई का काम जोरो पर है । प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी संगम से लेकर परेड तक साफ सफाई में जुटे हुए हैं । धर्मेंद्र कुमार संगम क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों पर अपनी नजरे बनाये रखते हैं और क्षेत्र में साफ-सफाई का खास ध्यान रखते हैं । बता दें की संगम क्षेत्र में हर रोज हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है ऐसे में संगम क्षेत्र में साफ सफाई बहुत जरूरी है ताकि वहाँ आने जाने वालों को किसी भी प्रकार की गंदगी का सामना ना करना पड़े और संगम क्षेत्र साफ सुथरा बना रहे। आने वाले पर्यटक श्रधालुओं को किसी प्रकार से कोई असुविधा न हो इस लिहाज से प्रसिद्ध स्थान प्रयागराज संगम तट पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## शादी के एक साल बाद विवाहिता की मौत, कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**करछना।** थाना क्षेत्र के करछना गांव में पारिवारिक विवाद से परेशान एक विवाहिता ने फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।लालापुर थाना क्षेत्र के पड़ुवा प्रतापपुर निवासी नंदलाल प्रजापति ने अपनी 21 वर्षीय बेटी सुहानी की शादी करीब एक वर्ष पहले करछना गांव निवासी शिवानंद प्रजापति के साथ की थी। गुरुवार सुबह किसी बात को लेकर विवाहिता ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया।काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर स्वजन को आशंका हुई। दरवाजा खोलकर देखा तो वह फंदे से लटकी मिली।परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी।थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम ने बताया कि मायके पक्ष से तहरीर मिलने के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।



# युवा सोच, सामाजिक सरोकार और सरल व्यक्तित्व की पहचान हैं पिंटू मिश्रा

**जंघई।** अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के प्रति गहरी संवेदनशीलता के कारण पिंटू मिश्रा आज क्षेत्र में एक अलग पहचान बना चुके हैं। मूल रूप से पिलखिनी ग्राम सभा से जुड़े पिंटू मिश्रा मुंबई में एक सफल प्रोड्यूसर के रूप में कार्यरत हैं, लेकिन अपने व्यस्त जीवन के बावजूद अपनी जन्मभूमि और क्षेत्र के लोगों से उनका जुड़ाव हमेशा बना रहता है। पिंटू मिश्रा का मानना है कि व्यक्ति चाहे जीवन में कितनी भी ऊंचाई क्यों न हासिल कर ले, उसे अपनी मिट्टी और अपने लोगों को कभी नहीं भूलना चाहिए। यही कारण है कि वे समय-समय पर अपने गांव और क्षेत्र में आकर लोगों से मिलते हैं, उनका हालचाल जानते हैं और हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। क्षेत्र के लोगों के बीच पिंटू मिश्रा एक नेकदिल, व्यवहार कुशल और प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। समाज के प्रति उनकी सोच और लोगों की मदद करने की भावना उन्हें बाकी लोगों से अलग बनाती है। जरूरत पड़ने पर लोगों की सहायता करना और सामाजिक कार्यों में रुचि लेना उनकी विशेष पहचान बन चुकी है। फिल्म और मीडिया जगत में सफलता प्राप्त करने के बाद भी पिंटू मिश्रा ने अपनी सादगी और सामाजिक मूल्यों को हमेशा प्राथमिकता दी है। यही वजह है कि आज उनका नाम क्षेत्र के सफल और सम्मानित व्यक्तियों में लिया जाता है। सामाजिक और राजनीतिक विषयों में उनकी सक्रिय रुचि के कारण समाज में उनका प्रभाव और सम्मान लगातार बढ़ रहा है। पिंटू मिश्रा का सपना है कि पिलखिनी ग्राम सभा को विकास, शिक्षा और नई सोच के माध्यम से एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया जाए। उनका मानना है कि गांव का विकास ही समाज और देश की असली प्रगति का आधार है। आज युवाओं के लिए पिंटू मिश्रा एक ऐसी प्रेरणा बन चुके हैं, जो यह संदेश देती है कि सफलता के साथ-साथ अपनी जड़ों और समाज से जुड़े रहना ही व्यक्ति की सबसे बड़ी पहचान होती है।



## हत्या और आत्महत्या के बीच उलझी रमेश के मौत की गुत्थी

**शहजादे**

**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के भगेसर गांव में बुधवार शाम एक युवक का शव उसके घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। युवक शादी समारोह से लौटा था। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मृतक की पहचान 23 वर्षीय रमेश कुमार तिवारी के रूप में हुई है। परिवार के सदस्यों ने रमेश को तत्काल कोरांव बाजार के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रेफर किया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद रमेश को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर रमेश की हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कार्रवाई की मांग करते हुए शव उठाने से इनकार कर दिया और हंगामा किया। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद पुलिस ने परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

रमेश कुमार तिवारी, पुत्र राधा कांत तिवारी, मुंबई में ऑटो चलाने का काम करता था। वह लगभग एक सप्ताह पहले अपने मामा के गांव दर्शनी में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर आया था। बताया गया कि बुधवार को परिवार के अन्य सदस्य दर्शनी गांव गए हुए थे। दोपहर में रमेश अपनी मां से कुछ देर में लौटने की बात कहकर घर आया था। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा, तो चिंतित मां ने उसे फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद परिजन घर पहुंचे तो रमेश घर के गलियारे में छत के कुंडे से रस्सी के सहारे लटका मिला। मृतक की मां और भाई ने गांव की एक महिला सहित दो अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। गुरुवार सुबह थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन



**जसरा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम के तहत श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रेरा के संयोजकतत्व में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र पर मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष शिवकुमार वैश्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं फीता काटकर कंप्यूटर कक्षाओं का शुभारंभ किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि शिवकुमार वैश्य जी ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कंप्यूटर आज की जरूरत है। इस डिजिटल युग में बिना कंप्यूटर ज्ञान के जीवन यापन करना आसान नहीं है। विद्यालय के प्रबंधक बाबूजी विश्वनाथ प्रसाद गुप्त एवं उप प्रबंधक सतीश केसरवानी ने प्रशिक्षक शिवम एवं उनके सहयोगियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० योगेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सोम केसरवानी, सुनील कुमार साहू, कुलभूषण मिश्रा, चंद्रशेखर, अचलेंद्र जायसवाल, राम लखन प्रजापति, राजेश द्विवेदी, विकास केसरी, रितेश प्रजापति, जगदीश शर्मा,श्याम जी केसरवानी, जगदीश सिंह आदि दर्जनों गणमान्य उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक की लहर, विधायक ने जताई संवेदना


**कोरांव।** विधानसभा कोरांव के नगर पंचायत स्थित शहीद आरके तिवारी नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार पंडित भगवती प्रसाद तिवारी के निधन की सूचना पर पत्रकारों समेत जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। ज्ञातब्य हो कि वरिष्ठ पत्रकार भगवती प्रसाद तिवारी का स्वास्थ्य चार दिन पहले अचानक बिगड़ और उन्हें प्रयागराज के एक अस्पताल में उपचार कराया जा रहा था। जहां उपचार के दौरान बुधवार को देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। गुरुवार को सुबह कोरांव विधायक राजमणि कोल वरिष्ठ पत्रकार के शव यात्रा में शामिल हुए और शोक संवेदना व्यक्ति की। भगवती प्रसाद तिवारी तहसील कोरांव के एक वरिष्ठ पत्रकार थे जिनका इलाज प्रयागराज के एक अस्पताल में चल रहा था। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जिनका दास संस्कार गुरुवार को दोपहर बाद 2 बजे के करीब क्षेत्र के सिरसा गंगा घाट पर किया गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पत्रकार संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद मिश्र, श्याम कांत शुक्ल, शहजादे,भगवान प्रसाद तिवारी, कृष्णकांत शुक्ल, सिमलेश पांडेय, कौशलेश तिवारी, सुनील कुमार पांडेय, राजेश सिंह, राहुल सिंह, मनीष वर्मा, डॉ शमीम पसना, मोहम्मद गौस, अजय प्रताप सिंह, शारदा प्रताप सिंह, सौरभ सोनी समेत सभी पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की।



# मांडा में गैस संकट गहराया : छोटे कारोबारियों की आजीविका प्रभावित, अंगीठी-भट्टी पर निर्भरता बढ़ी

**मांडा।** क्षेत्र में एलपीजी गैस संकट गहरा गया है, जिससे छोटे कारोबारियों की आजीविका प्रभावित हो रही है। गैस सिलेंडर की लगातार किल्लत के कारण चाय-पकौड़ी और नाश्ते की दुकानें चलाने वाले दुकानदार अब अंगीठी और भट्टी का उपयोग करने को मजबूर हैं।

भारतगंज, चिलबिला और दिघिया जैसे इलाकों में कई छोटे दुकानदार, जो पहले गैस सिलेंडर पर निर्भर थे, अब चाय और नाश्ता बनाने के लिए कोयले तथा लकड़ी का इस्तेमाल कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार, गैस की अनियमित आपूर्ति से उनका व्यवसाय प्रभावित हुआ है और उत्पादन लागत में भी वृद्धि हुई है। कोयले और लकड़ी का उपयोग अधिक महंगा होने के साथ-साथ समय और श्रम भी अधिक लेता है। जलेबी, नमकीन, खुरमा, चाट और फुलकी जैसी खाद्य सामग्री बनाने वाले दुकानदार भी गैस की अनुपलब्धता के कारण भट्टियों का उपयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि गैस से काम अधिक तेज और सुविधाजनक होता था, जबकि वर्तमान स्थिति में उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कुछ दुकानदारों ने गैस की कमी के चलते नाश्ता, छोला और समोसा बनाना बंद कर दिया है, जिससे उनकी आय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।



दूसरी ओर, घरेलू उपभोक्ता भी गैस संकट से जूझ रहे हैं। 15 अप्रैल के बाद ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को अभी तक डीएसी (डिलीवरी अलॉटमेंट कूपन) नंबर प्राप्त नहीं हुआ है। इसके कारण उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

बुधवार को भी एजेंसी पर भारी भीड़ देखी गई, जहाँ केवल 15 अप्रैल तक की बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को ही डीएसी नंबर जारी किए जा रहे थे। वही जिनके घरों में शादी विवाह, उत्सव का कार्यक्रम है वें गैस सिलेंडर न मिलने पर गहरी चिन्ता जता रहे है ' इससे उपभोक्ताओं में गहरा रोष है।

## सौम्या त्रिपाठी मंडी सचिव का ननिहाल में जोरदार स्वागत



**जंघई।** मझियारी, बरियांवा गांव में अपने ननिहाल पहुंचीं नव नियुक्त मंडी सचिव सौम्या त्रिपाठी पुत्री अनिल एवं अनिता त्रिपाठी का जोरदार स्वागत किया गया। सौम्या पयासी का पूरा नवाबगंज की निवासी हैं और वर्तमान में केंद्र सरकार के रक्षा विभाग में जेएसए के पद पर कार्यरत हैं। 30 अप्रैल को घोषित परिणाम में इनका चयन मंडी सचिव पर हुआ है। इनके चयन पर भाई सौरभ त्रिपाठी सप्लाई इंस्पेक्टर, मामा जितेंद्र दुबे, सुरेंद्र दुबे, नवीन दुबे, शिवराम दुबे, कमलापति त्रिपाठी, ऐश्वर्या पांडेय, संतोष पाठक, वरुण दुबे राजीव दुबे प्रधान, दिनेश पांडेय, बबलू सिंह ने सौम्या को फूल माला देकर बधाई दिया है और पूरा ननिहाल पक्ष हर्षित है।

# प्रयागराज में शुरू हुई जनगणना-2027 की मकान सूचीकरण प्रक्रिया, 21 मई तक खुद भर सकेंगे विवरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जनगणना-2027 के तहत जिले में मकान सूचीकरण और स्वगणना प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। अब नागरिक घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने मकान और परिवार का विवरण दर्ज कर सकेंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने स्वयं पोर्टल पर जानकारी भरकर स्वगणना आईडी प्राप्त की और लोगों से इस प्रक्रिया में भागीदारी की अपील की।

प्रशासन के अनुसार इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जा रही है। पारंपरिक कागजी प्रक्रिया के बजाय नागरिकों को पहली बार स्वयं ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने की सुविधा दी गई है। इसके लिए नागरिक जनगणना स्वगणना पोर्टल?? पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

**दो चरणों में होगी प्रक्रिया**

जनगणना के पहले चरण को दो हिस्सों में विभाजित किया गया है। 7 मई से 21 मई तक लोग स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 22 मई से 20 जून तक गणनाकर्मी घर-घर जाकर आंकड़ों का सत्यापन और मकान सूचीकरण का कार्य करेंगे।

ऑनलाइन स्वगणना के लिए नागरिकों को राज्य का चयन कर मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी से पंजीकरण करना होगा। ओटीपी सत्यापन के बाद भाषा और जिले का चयन किया जाएगा। इसके बाद मानचित्र पर अपने घर की लोकेशन चिन्हित कर मकान और परिवार से जुड़े प्रश्नों के उत्तर भरने होंगे। फॉर्म जमा होने पर 11 अंकों की स्वगणना आईडी जारी होगी, जिसे गणनाकर्मी को दिखाना आवश्यक होगा।

**योजनाओं के लिए अहम होंगे आंकड़े**

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं है, बल्कि इससे आयु, लिंग, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक एवं आर्थिक आंकड़े जुटाए जाते हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर भविष्य की सरकारी योजनाएं और नीतियां तैयार की जाती हैं।

इस मौके पर नगर आयुक्त सीलम सांई तेजा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और जनगणना विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




## प्रयागराज में सड़क, पुल और भवन निर्माण कार्यों को लेकर मंथन, जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर बनेगी नई कार्ययोजना




**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिले में सड़क, पुल और सरकारी भवनों के निर्माण कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना तैयार करने को लेकर गुरुवार को संगम सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में हुई बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने की। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनप्रतिनिधियों से प्राथमिकता के आधार पर सड़क, पुल और भवन निर्माण से जुड़े प्रस्ताव प्राप्त कर उन्हें कार्ययोजना में शामिल किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिले में गड्ढामुक्त सड़कों के लिए जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर प्राथमिकता तय की जाए। शहरी मार्गों और प्रस्तावित योजनाओं की सूची महापौर तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। करछना, बारा और शहर पश्चिमी समेत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से मिले प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल करने को कहा गया।

बैठक में सड़क निर्माण से संबंधित एनओसी मामलों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनहित से जुड़े मामलों में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्माण कार्यों में देरी न हो। साथ ही लोक निर्माण विभाग को सड़कों की क्षतिग्रस्त पटरियों की मरम्मत और बारिश से पहले झाड़ियों की कटाई-छंटाई कराने के निर्देश दिए गए।

प्रयागराज-लखनऊ मार्ग के चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए आबादी वाले हिस्सों में दोनों ओर नाली निर्माण कराने को कहा गया। अधिकारियों को नवनिर्माण, पुनर्निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और विशेष मरम्मत से जुड़े प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में महापौर उमेश चन्द्र गणेश केशरवानी, विधान परिषद सदस्य डॉ. केपी सिंह, विभिन्न क्षेत्रों के विधायक, सांसद प्रतिनिधि और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रयागराज में जनगणना-2027 के लिए स्व-जनगणना अभियान शुरू, 21 मई तक घर बैठे भर सकेंगे ऑनलाइन विवरण



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जनगणना-2027 के तहत प्रयागराज नगर निगम ने स्व-जनगणना अभियान की शुरूआत कर दी है। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन स्व-जनगणना कराने की अपील की।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार 7 मई से 21 मई 2026 तक नागरिक घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए नागरिक स्व-जनगणना पोर्टल?? पर लॉग-इन कर परिवार और मकान से संबंधित विवरण भर सकेंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक स्व-गणना आईडी जारी होगी, जिसे बाद में घर आने वाले प्रगणक को दिखाना होगा।

**घर-घर जाकर जागरूक करेंगे कर्मचारी**

बैठक में अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी जोन में घर-घर जाकर लोगों को स्व-जनगणना के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार की सही जानकारी एकत्रित करना आवश्यक है, ताकि जनगणना का कार्य पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पूरा हो सके।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना में दी गई जानकारी का किसी व्यक्ति के संपत्ति स्वामित्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसका उद्देश्य केवल विकास योजनाओं और सरकारी नीतियों के लिए सटीक आंकड़े जुटाना है।

**जनप्रतिनिधियों ने की सहभागिता की अपील**

कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, महापौर और नगर निगम के जोनल अधिकारियों ने स्वयं पोर्टल पर स्व-जनगणना कर अभियान का शुभारंभ किया। सभी जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपील की कि वे सही जानकारी साझा कर जनगणना-2027 को सफल बनाने में सहयोग करें।

बैठक में कई पार्षदों सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## यूपीआरटीओयू में तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न, रोजगार बढ़ाने को तैयार हुए नौ नए पाठ्यक्रम

**प्रयागराज।** प्रयागराज स्थित उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में स्नातकों की रोजगारयोग्यता बढ़ाने को लेकर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला बुधवार को संपन्न हो गई। इस दौरान नौ नए शैक्षणिक पाठ्यक्रम विकसित किए गए, जिन्हें भविष्य में छात्रों के लिए लागू किया जाएगा। ह्यकोर्स एन्हांसमेंट फॉर ग्रेजुएट एम्प्लॉयबिलिटीह्न विषय पर आयोजित यह कार्यशाला 4 से 6 मई तक चली। इसका आयोजन कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग और कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया के सहयोग से किया गया। समापन सत्र में कुलपति प्रो. सत्यकाम ने कहा कि कार्यशाला के दौरान नौ नए पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं और आने वाले तीन महीनों में और भी व्यावसायिक कोर्स विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पाठ्यक्रमों को मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स के माध्यम से संचालित करने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक छात्र इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे पाठ्यक्रम विकसित कर रहा है जो बाजार की जरूरतों के अनुरूप हों और छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करें। साथ ही, अंतर्विषयक पाठ्यक्रमों के माध्यम से स्वरोजगार को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग के सलाहकार प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि कार्यशाला में विकसित पाठ्यक्रम भविष्य में उपयोगी साबित होंगे और अन्य विश्वविद्यालयों को भी इन्हें अपनाने पर विचार करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. त्रिविक्रम तिवारी ने बदलती रोजगार आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा में नवाचार की जरूरत बताई। वहीं आयोजन सचिव डॉ. गौरव संकल्प ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि पाठ्यक्रमों को अधिक कौशल आधारित और उद्योगोन्मुखी बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। जनसंपर्क अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र के अनुसार, यह कार्यशाला कौशल आधारित शिक्षा को मजबूत करने और छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मेजा में जेईईसीयूपी में दाखिला हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई

**मेजा।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मेजा में जेईईसीयूपी में दाखिला के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 10 मई 2026 कर दी गई है। उक्त आशय की जानकारी संस्था के प्राचार्य शैलेन्द्र विक्रम ने दी। उन्होंने बताया कि संस्था में कंप्यूटर साइंस और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ट्रेडों के 75-75 सीटों पर प्रवेश प्रारंभ है। श्री विक्रम ने इच्छुक अभ्यर्थियों से संस्था के मेल पर आवेदन करने की अपील किया है।

## पश्चिम बंगाल में मंत्रिमंडल के साथ ही जिहादियों की भी लिस्ट बनाना है बेहद अहम : लहरी भईया

### प्रयागराज और मिजार्पुर जनपद के लोकप्रिय समाजसेवी एवं भाजपा नेता श्यामकांत शुक्ला (लहरी भईया) ने बंगाल के नई सरकार से किया अपील कहा ममता राज में बंगाल के मासूमों पर जुल्म ढाने वाले जिहादियों के समूल सफाया हेतु हो कड़ा एक्शन

**मेजा।** पश्चिम बंगाल में चुनाव संपन्न हो गए हैं दो तिहाई से ज्यादा बहुमत पाकर भाजपा गदगद है। पार्टी कार्यकताओं से लेकर बंगाल की जनता में नया उत्साह और नई उम्मीदें और परिवर्तन का दौर है। ऐसे में लोगों की बीजेपी से अलग अलग मांग है। पूर्वांचल उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ समाजसेवी श्यामकांत शुक्ला उर्फ लहरी भइया ने बंगाल में सरकार बनाने जा रही बीजेपी से एक अलग तरह की मांग कर डाली है। लहरी भइया ने कहा है कि भाजपा को बंगाल में मंत्रिमंडल की लिस्ट बनाने के साथ साथ वहां पर अब तक एक्टिव जिहादियों की भी लिस्ट तैयार करनी चाहिए। ताकि बंगाल को पिछले 15 सालो तक झुलसाने वाले लोगों को सजा दी जा सके उन्होंने कहा है कि बंगाल के अंदर जल्द ही एक नई सरकार बनने जा रही है। वहां के लोगों ने भाजपा को न केवल जिताया बल्कि कुल 294 सीटों में से 208 सीटें जीताकर दोतिहाई से भी ज्यादा बहुमत प्रदान किया है। श्री लहरी भईया ने कहा कि 8 मई को विधायकों की मीटिंग के बाद विधायक दल के नेता का चुनाव होगा और फिर मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल की लिस्ट तैयार जाएगी। उन्होंने नई सरकार से आग्रह करते हुए कहा है कि मंत्रिमंडल की लिस्ट बनाने के साथ साथ ही उन जिहादियों की भी लिस्ट जरूर तैयार करनी चाहिए जिन्होंने पिछले 15 सालों तक ममता बनर्जी के नेतृत्व में पूरे बंगाल को जलाया है। कैसे इन क्रूर जिहादियों ने मासूम लोगों के घरों को आग के हवाले किया । उनको घरों से निकालकर गोलियां मारी और बच्चियों तथा महिलाओं के साथ बलात्कार किया। उन्होंने इस नई सरकार से अब इन जिहादियों को भी इनके घरों तथा इनके अड्डों से निकालकर सही जगह पर पहुंचाने की अपील किया है जिससे आने वाले दिनों में बंगाल में जिहादियों का समूल सफाया हो सके और बंगाल के लोग सुकून तथा चैन के माहौल में निडर होकर सांस ले सके।

## रोजगार महोत्सव से क्षेत्र के युवाओं को मिलेगा रोजगार बनेंगे आत्मनिर्भर : राजू शुक्ला

### क्षेत्र के चर्चित जनसेवक एवं भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला की पहल पर आगामी 23 मई को मेजारोड स्थित डीजीएस कार्यालय में आयोजित होगा युवाओं का रोजगार महोत्सव

**महोत्सव में युवाओं को मिलेगा रोजगार का सुनहरा अवसर, 100 से अधिक कंपनियां करेंगी प्रतिभाग, एक हजार से अधिक युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का मिलेगा मौका**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में क्षेत्र के चर्चित जनसेवक एवं भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला (राजू भैया) की पहल पर आगामी 23 मई को मेजारोड स्थित डीजीएस कार्यालय में युवाओं का रोजगार महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया है। यह रोजगार मेला मेजा रोड स्थित जिसका शुभारंभ सुबह 8 बजे से होगा। महोत्सव के आयोजकों के मुताबिक इस रोजगार महोत्सव में 100 से अधिक नामी कंपनियां हिस्सा लेंगी,जो विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। महोत्सव के दौरान तकरीबन 1000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती प्रकिया की जाएगी। महोत्सव में सबसे खास बात यह है कि अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क पंजीकरण की व्यवस्था की गई है और मौके पर ही स्पॉट इंटरव्यू के जरिए चयन प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।



रोजगार महोत्सव का मुख्य उद्देश्य है क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार एवं प्रतिभाशाली युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में स्थानीय स्तर पर ही रोजगार का अवसर प्रदान करना है। इस संबंध में भाजपा नेता एवं जनसेवक इंद्रदेव शुक्ला (राजू भैया) ने कहा कि युवाओं की मेहनत और प्रतिभा को उचित मंच दिलाने के लिए यह रोजगार महोत्सव आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी की दौर में युवाओं के लिए रोजगार एक बड़ी आवश्यकता है इस आयोजन से क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को नई दिशा मिलेगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं को इस रोजगार महोत्सव में प्रतिभाग करने और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाने की अपील किया है। श्री शुक्ल ने कहा कि इच्छुक युवा बैनर में बने बार कोड के माध्यम से फॉर्म भर सकते हैं। अधिक जानकारी एवं पंजीकरण के लिए उन्होंने मो.न. 7380611742 पर संपर्क करने की भी अपील किया है।

# सीडीओ ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रतापगढ़।** जनपद में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण, स्थलीय निरीक्षण एवं विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं और व्यवस्थाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में सीडीओ डॉ. दिव्या मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। कार्यालयों में साफ-सफाई, पत्रावलियों का सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा उपस्थिति पंजिका का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, जो भी कर्मचारी छुट्टी पर या बाहर है उसे नियमानुसार उपस्थिति पंजिका में अंकित किया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में पेयजल, शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतर स्थिति में रहनी चाहिए। उन्होने विभागीय परियोजनाओंध्विकास कार्यो में हर घर नल पेयजल परियोजना, कृषि विभाग की परियोजनाये, ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण, स्टेडियमध्मिनी स्टेडियमध्खेल के मैदान, ऊर्जा विभाग सब स्टेशन, पशु चिकित्सा केन्द्र, गौशालायें आदि के बारे आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा कि मानव संसाधन की व्यवस्था, परियोजनाओं के जनउपयोगी होने एवं संचालन की स्थिति तथा लाभार्थियों के फीडबैक आदि की समीक्षा की जायेगी एवं व्यवस्थाओं का मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया जायेगा। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं, निर्माण कार्यो आदि को बेहतर करने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त सीडीओ ने खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत के साथ बैठक कर गौशालाओं के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया कि गौवंशों के शवों को खुले में कदापि न छोड़ा जाये, उसका नियमानुसार निस्तारण कर वैरीकेडिंग कर दिया जाये, जिन गौशालाओं पर जल भराव की स्थिति हो उनमें पानी निकासी हेतु नाली का निर्माण करा दिया जाये जिससे गौशाला में जलभराव न होने पाये। गौशालाओं में ऐसे केयरटेकर की ड्यूटी लगायी जाये जो दूर का हो जिससे वह निरन्तर ड्यूटी कर सके। गौशलाओं में हरे चारे, भूसा, पानी, छाया आदि की व्यवस्था बेहतर रहे जिससे गोवंशों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। अधिकारियों द्वारा समय-समय पर गौशालाओं का भ्रमण किया जाये जिससे गौशाला की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत आदि उपस्थित रहे।

## बटाई का पैसा मांगने पर धमकाने का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के कंजा सराय गुलामी गांव निवासी चंद्रपाल त्रिपाठी ने गांव के ही एक व्यक्ति पर बटाई का तय पैसा न देने और विरोध करने पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार वह रोजी-रोटी के सिलसिले में नागपुर में रहते हैं और बीच-बीच में गांव आते-जाते रहते हैं। खेती न कर पाने के कारण उन्होंने अपना खेत गांव के ही एक व्यक्ति को 20 हजार रुपये में बटाई पर दिया था। आरोप है कि खेत लेने वाले व्यक्ति ने सरसों की फसल काट ली, लेकिन तय रकम देने से इनकार कर दिया। चंद्रपाल त्रिपाठी का कहना है कि जब उन्होंने अपने पैसे की मांग की तो आरोपी ने मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लाठी-डंडा लेकर मारने के लिए दौड़ा लिया। किसी तरह भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई। गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे पीड़ित ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले की सूचना पर पुलिस जांच-पड़ताल के लिए गांव पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

## प्रताड़ना से पति की मौत में पत्नी गई जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने प्रताड़ना के चलते पति की मौत की घटना में आरोपिता पत्नी को जेल भेजा है। लालगंज के श्रीरामपुर सारीपुर निवासी रामू वर्मा 31 पाँच मई को पत्नी ऊषा के बुलावे पर मधुकरपुर गाँव में अपनी ससुराल गया था। वहाँ उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत गंभीर होने पर मृतक के ससुराल पक्ष के लोग उसे लालगंज ट्रामा सेंण्टर ले आये थे। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक के परिजन अस्पताल पहुँचे तब ससुराल के लोग भाग निकले।मृतक की मां की तहरीर पर पत्नी ऊषा के खिलाफ बुधवार को आत्महत्या के लिए उकसाने का पुलिस ने केस दर्ज किया। परिजनों ने गुरुवार को मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। इधर पुलिस टीम ने गुरुवार की सुबह आरोपिता को घर के समीप से हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया आरोपिता को जेल भेज दिया गया।

## न्यूज झरोखा

### भक्ति और श्रद्धा के संग महाराजपुर में गूंज रही श्रीमद्भागवत कथा




**कुंडा।** बाघराय क्षेत्र के महाराजपुर ग्रामसभा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्यास आचार्य आदित्य कृष्ण जी महाराज ने अपने मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए भगवान की दिव्य लीलाओं, भक्ति, धर्म और मानव जीवन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आचार्य आदित्य कृष्ण जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही मार्ग दिखाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम का स्मरण और कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा व्यक्ति को मानसिक शांति और आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति होती है। कथा के दौरान भगवान के भजनों और संकीर्तन से पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। श्रद्धालु भक्ति भजन पर झूमते हुए दिखाई दिए। कथा आयोजन को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बैठने, प्रसाद और अन्य व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की बड़ी संख्या कथा में पहुंच रही है। आयोजकों ने बताया कि यह श्रीमद्भागवत कथा 12 मई तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी। कथा समापन के उपरांत विधि-विधान से हवन पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर यजमान बैजनाथ तिवारी,मुन्नी देवी और प्रबंधक भूपेंद्र तिवारी, शिवम्, संदीप त्रिपाठी, लवलेश शुक्ला सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### खाद्यान्न वितरण की तिथि 14 मई तक बढ़ायी गयी

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत मई 2026 के सापेक्ष अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को ई-पॉस वेइंग मशीन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। पहले राशन वितरण की अंतिम तिथि 08 मई निर्धारित थी, जिसे खाद्यायुक्त कार्यालय के निर्देश पर बढ़ाकर अब 14 मई 2026 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलोग्राम गेहूँ एवं 21 किलोग्राम चावल निःशुल्क दिया जा रहा है, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूँ और 3 किलोग्राम चावल मुफ्त वितरित किया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि जिन कार्डधारकों को आधार प्रमाणीकरण में समस्या आ रही है, उनके लिए मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से राशन प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा 08 मई के साथ-साथ 14 मई 2026 को भी जारी रहेगी।

### तालाब का पानी नहीं जाने देने का आरोप, फसल प्रभावित

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी शिव प्रसाद पुत्र कड़ेदीन ने पुलिस को तहरीर दी। उसने बताया कि वह तालाब में मत्स्य पालन, सिंघाड़ा, मखाना की खेती करता है। गांव के कुछ अराजकतत्वों ने तालाब को पानी विहीन कर दिया है। नाली बंद करने से पानी नहीं गया, जिससे तालाब सूख गया। इससे मत्स्य पालन और सिंघाड़ा, मखाना की खेती प्रभावित हो रही है। कई बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से आरोपी मनबढ़ हो गए हैं। पीड़ित शिव प्रसाद ने तालाब में पानी भराए जाने, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### चुनाव न लड़ने को दी जा रही धमकी

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के परेवा नारायणपुर गांव निवासी मो. आरिफ पुत्र ने एसपी को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया। गांव के कुछ लोग उसके सामाजिक कार्यों को देखते हुए रंजिश रखते हैं। उन लोगों को आशंका है कि कहीं वह आने वाले पंचायत चुनाव में प्रधानी का चुनाव न लड़े इसलिए फर्जी घटनाएं दिखाकर उसे तथा उसके परिवार को परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि आरोपी चुनाव लड़ने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने मामले की जांच करा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कराने, जान माल के रक्षा का गुहार लगाई है।

### दो लोगों को जहरीले जंतु ने काटा

**कुंडा।** नगर पंचायत कुंडा के समापुर मोहल्ला निवासी चन्द्र पाल पटेल की 40 वर्षीय पत्नी प्रेमा देवी बुधवार को करीब दो बजे घर में काम कर रही थी। तभी पहले से बैठे किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। बाघराय थाना क्षेत्र के धुंधुरकीपुर गांव निवासी कल्पनाथ सरोज की 19 वर्षीय बेटी अंकिता बुधवार की रात करीब 10 बजे उठी तो किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। थोड़ी देर में ही उनकी हालत बिगड़ने पर घबराए परिजनों ने उनको सीएचसी में भर्ती कराया।

### सड़क हादसों में चार लोग घायल

**कुंडा।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के तरदीपुर गांव निवासी राम किशोर का 50 वर्षीय बेटा कमलेश सरोज अपने 30 वर्षीय बेटे राहुल सरोज के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से होनों घायल हो गए। हथिगवां थाना क्षेत्र के किलहनापुर गांव निवासी बाबूलाल का 35 वर्षीय बेटा सुन्दरलाल बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली के जालिमगंज गांव निवासी राम सुमेर पाल की 50 वर्षीय पत्नी रेखा पाल अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा।

## जमीन से नाम कटवाने का आरोप, महिला ने तहसीलदार से लगाई न्याय की गुहार

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के अंमुवाही गांव की निवासी छाया सिंह ने क्षेत्रीय लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहसीलदार को शिकायती पत्र सौंपा है। बृहस्पतिवार शाम तहसील पहुंची पीड़िता ने आरोप लगाया कि लेखपाल ने विपक्षियों से मिलीभगत कर उसकी जमीन के अभिलेखों से उसका नाम कटवा दिया, जिससे वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। पीड़िता का कहना है कि जमीन उसके हिस्से की है, लेकिन राजस्व अभिलेखों में नाम हट जाने से उसे लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महिला ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत सामने आने के बाद तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार पवन सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो चुकी है और पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लेखपाल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की।


# पट्टी सीएचसी में सालों से धूल फांक रहा अल्ट्रासाउंड मशीन



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए लाखों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में लगा अल्ट्रासाउंड मशीन सालों से शोपीस बना हुआ है। रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने के कारण मरीजों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अस्पताल में अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन लगाए जाने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब उन्हें जांच के लिए निजी अस्पतालों और शहरों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। लेकिन मशीन केवल कमरे की शोभा बढ़ा रही है। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें मजबूरी में निजी केंद्रों पर महंगी जांच करानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार सुविधाएं तो उपलब्ध करा रही है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती न होने से सारी व्यवस्थाएं बेकार साबित हो रही हैं। मरीजों और तीमारदारों में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। मामले में सीएचसी अधीक्षक डॉ. राम प्रताप भारती ने बताया कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध है, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट न होने की वजह से जांच शुरू नहीं हो पा रही है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती होने पर मरीजों को सुविधा का लाभ मिलने लगेगा।

## सीएसची पट्टी : महिला डाक्टर के कमरे में लटकता मिला ताला, अधीक्षक भी गायब



**पट्टी।** सरकार जहां ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं पट्टी स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत गुरुवार को पूरी तरह उजागर हो गई। सुबह करीब 11 बजकर 50 मिनट पर अस्पताल अधीक्षक की कुर्सी खाली मिली और वह अपने कक्ष से नदारद रहे। दूसरी तरफ महिला चिकित्सक डॉ. श्रद्धा पाल के कमरे में ताला लटकता मिला। अस्पताल पहुंचे मरीज और तीमारदार डॉक्टरों का इंतजार करते रहे, लेकिन जिम्मेदारों की गैरमौजूदगी से लोगों में भारी नाराजगी दिखी। सबसे ज्यादा दिक्कत महिला मरीजों को उठानी पड़ी, जिन्हें महिला चिकित्सक के न मिलने से निराश होकर वापस लौटना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अक्सर डॉक्टर समय से नहीं बैठते, जिससे दूर-दराज गांवों से आने वाले मरीजों को इलाज के लिए घंटों भटकना पड़ता है। मरीजों ने कहा कि सरकारी अस्पताल में अगर यही हाल रहा तो गरीब मरीज आखिर कहां जाएंगे। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कर लापरवाह कर्मचारियों और डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं अस्पताल की अव्यवस्था को लेकर पूरे दिन चचाओं का बाजार गर्म रहा।


# राधे-राधे रेस्टोरेंट में आयोजित भंडारे में सम्मिलित हुए राजा भइया, हुआ जोरदार स्वागत



**कुंडा।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंडा विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने बुधवार को बेंती राजभवन में आयोजित जनता दरबार में क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुंडा, बाबागंज विधानसभा क्षेत्र सहित प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशांबी, सुल्तानपुर, जौनपुर और रायबरेली जिलों से सैकड़ों की संख्या में पीड़ित अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे।जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध कब्जे, पुलिस उत्पीड़न, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता से जुड़े प्रकरण प्रमुख रहे। राजा भइया ने प्रत्येक फरियादी से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर समस्या की जानकारी ली। उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी तथा थानाध्यक्षों से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। दस्तावेजों के अवलोकन के बाद जिन मामलों का तत्काल निस्तारण संभव था, उनका मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष प्रकरणों में विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।जनता दरबार के समापन के बाद राजा भइया क्षेत्र में पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए रवाना हुए। इसी क्रम में वे कुंडा बाईपास स्थित मवई रेलवे क्रॉसिंग के पास संचालित राधे-राधे रेस्टोरेंट पहुंचे। यहां श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया था। पाठ के विधिवत समापन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राजा भइया शामिल हुए। रेस्टोरेंट के संचालक तिवारीपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश मिश्रा ने उनका स्वागत किया।इस अवसर पर राजा भइया ने कहा कि धर्म और संस्कृति के ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने का काम करते हैं। रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि मानव जीवन को मयार्दा और कर्तव्य का पाठ पढ़ाने वाला महाकाव्य है। उन्होंने क्षेत्र में आपसी भाईचारा व सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया।उल्लेखनीय है कि कुंडा विधायक राजा भइया वर्ष 1993 से लगातार बेंती राजभवन में जनता दरबार का आयोजन कर रहे हैं। जनता दरबार में दूरदराज के जिलों से आने वाले लोगों के लिए बैठने, पेयजल और भोजन की व्यवस्था रहती है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने आचार्य विष्णु दत्त तिवारी का किया स्वागत

अखंड भारत संदेश




**पट्टी।** नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार दोपहर नगर पंचायत कार्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पश्चिम बंगाल से लौटे आचार्य विष्णु दत्त तिवारी का माल्यार्पण एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि पट्टी की धरती वीर सपूतों की रही है और यहां से समय-समय पर ऐसे लोग निकलते रहे हैं जिन्होंने देशभर में क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आचार्य विष्णु दत्त तिवारी भी उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल और कोलकाता के राजनीतिक हालात का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा की जीत से सनातन धर्म को मानने वाले लोगों में नई उम्मीद जगी है। उनके अनुसार अब पश्चिम बंगाल और कोलकाता में लोगों को सुरक्षा और स्वतंत्रता का एहसास होगा। वहीं आचार्य विष्णु दत्त तिवारी ने स्वागत समारोह में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोलकाता में हिंदुओं की वास्तविक जीत हुई है। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष समेत सभी स्वागतकताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर के.एल. विश्वकर्मा, रामेश सोनी, संतोष पुष्पकर, राजू जायसवाल, अंकित जायसवाल, गौरव श्रीवास्तव, मनोज कुमार खंडेलवाल, अरविंद सिंह, बी.के. सिंह, मोहम्मद कैफ, सजीवन सोनी सहित तमाम सभासद एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जनगणना जागरुकता जत्थे को दिखलायी हरी झंण्डी




**लालगंज।** घर घर की गणना के तहत जनगणना अभियान को लेकर गुरुवार को प्रचार वाहन के साथ जत्था रवाना हुआ। तहसीलदार गरिमा वर्मा ने तहसील परिसर में जनगणना अभियान पर विंदुवार प्रकाश डाला। वहीं उन्होने अधिवक्ताओं, कर्मचारियों व वादकारियों के साथ परिसर में अभियान के बाबत जागरुकता दी। तहसीलदार ने लोगों से गणना में सभी विंदुओं पर सही जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। संचालन अमीन संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री शेष तिवारी, श्याम पुष्पाकर,मनोज तिवारी, प्रदीप सिंह, अरुण तिवारी, गीता सिंह, हिना अंसारी, हरिकेश पटेल आदि रहे।

## राजस्थान में हुए सड़क हादसे में बेल्हा के युवक की मौत, मचा कोहराम



**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र अंतर्गत करौदहा गांव निवासी 24 वर्षीय सोमेश उपाध्याय की राजस्थान के अलवर जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना बीते मंगलवार की बताई जा रही है। हादसा उस समय हुआ जब सोमेश की मोटरसाइकिल तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, सोमेश उपाध्याय ने बी-टेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद राजस्थान में हीरो कंपनी में नौकरी शुरू की थी और वहीं रहकर कार्य कर रहे थे।अचानक हुए इस हादसे की सूचना जैसे ही परिजनों और गांव वालों को मिली तो कोहराम मच गया। मृतक के पिता ब्रजेश उपाध्याय पट्टी थाना क्षेत्र के करैला गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात हैं। वहीं उनकी 18 वर्षीय बहन टीया उपाध्याय सुल्तानपुर में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। इकलौते बेटे की असामयिक मौत से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर फैल गई है। घटना से हर कोई स्तब्ध है और परिवार को ढांढस बंधाने लोगों का तांता लगा हुआ है।

# जम्मू काश्मीर में अमन के माहौल की मजबूती को लेकर प्रमोद तिवारी की सीएम उमर से हुई अहम मुलाकात

### राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता व मुख्यमंत्री ने संप्रभुता की सुरक्षा पर दिया जोर



**लालगंज।** केंन्दीय वित्त मंत्रालय की सांसदीय सलाहकार समिति के महत्वपूर्ण दौरे में जम्मू कश्मीर राज्य के भ्रमण के दौरान राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की वहाँ के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ राष्ट्रीय मसलों पर चर्चा को लेकर खास मुलाकात हुई है। संसदीय सलाहकार समिति के दौरे में वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी की मौजूदगी को लेकर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बुधवार की देर रात खासतौर पर प्रमोद तिवारी से मिलने श्रीनगर से गुलमर्ग पहुँचे। सीएम उमर ने उपनेता प्रमोद तिवारी के साथ कमेटी में शामिल लोकसभा व राज्यसभा के सांसदो व अर्थशास्त्रियों के सम्मान में हुऐ रात्रि भोज में शिरकत की। अपने पिता फारूख अब्दुल्ला से काफी अर्से से प्रमोद के गहरे तालुकात्त को लेकर सीएम उमर सांसद प्रमोद तिवारी से मुलाकात में खास खुश दिखे। छोटी बेटी प्रोफेसर ( डॉ० ) विजय श्री सोना के साथ सांसद प्रमोद तिवारी सीएम उमर अब्दुल्ला से मुलाकात में जम्मू काश्मीर में अमन के मौजूदा माहौल पर खुशी जतायी।जम्मू काश्मीर के मुख्यमंत्री उमर व उपनेता प्रमोद ने संवेदनशील राज्य में शांति बहाली के माहौल को पुख्ता बनाये रखने पर खासा जोर दिया। सांसद प्रमोद तिवारी ने सरहद पार से आतंकी घटनाओं को सबक सिखलाने पर मिला जुला प्रयास मजबूती से जारी रखने पर भेंटवार्ता में फोकस किया। सीएम उमर व सांसद प्रमोद तिवारी ने राष्ट्रीय संप्रभुता की हिफाजत के साथ देश की एकता अंखण्डता की मजबूती के लिए संयुक्त संकल्प भी दोहराया। जम्मू काश्मीर में गठबंधन सरकार के कामकाज की बेहतरीन शैली की भी सांसद प्रमोद तिवारी ने सीएम उमर अब्दुल्ला को सहयोग जारी रखने का भी भरोसा दिलाया। एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से सांसद प्रमोद तिवारी की मुलाकात की जानकारी गुरुवार को मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने जरिये विज्ञप्ति में दी है। वहीं जम्मू काश्मीर के मुख्यमंत्री उमर से प्रमोद तिवारी की दिलचस्प मुलाकात की जानकारी पर कार्यकर्ता व समर्थक भी खुश नजर आये दिखे।

# भैंस चोर गिरोह से पुलिस की हुई मुठभेड़ पांच भैंस बरामद पांच आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

## दोनों तरफ से चली गोली में दो बदमाश हुए घायल



**कौशांबी।** जिले में लंबे समय से भैंस चोरों का कई गिरोह सक्रिय है जो आधी रात को गांव क्षेत्र से भैंस चोरी करके पिकअप वाहन से भैंस उठा ले जाते थे मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बंधवा रजवर निवासी संतोष और भेलखा निवासी अर्जुन के घर 29 और 30 अप्रैल की रात में तीन भैंस और उसके बच्चे को चोर पिकअप से उठा ले गए थे इसी तरह के एक गिरोह के साथ बीती रात मंझनपुर कोतवाली पुलिस की पतौना पुल के पास मुठभेड़ हो गई है पिकअप में सवार भैंस चोरों ने पुलिस पाटी पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने लगे जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग शुरू कर दी जिस पर दिलशाद पुत्र सलीम निवासी पचंभा हाल पता तुलीपुर और राजू पुत्र कलीम निवासी रहीमपुर मोलानी घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया पुलिस मुठभेड़ के दौरान कलीम निवासी रहीमपुर मोलानी वा सलमान रहीमपुर मोलानी और जबील निवासी थाना करारी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने पांच भैंस बरामद की है एक पिकअप वाहन बरामद किया है पकड़े गए बदमाशों से पुलिस ने दो तमंचा कारतूस 10000 नगद आदि सामान भी बरामद किया है मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण ने किया है मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया है।

## महिला के शव की हुई शिनाख्त

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के जुगराजपुर गांव के बाहर झाड़ियों में बुधवार की शाम को एक महिला उम्र लगभग 65 वर्ष का अमिला था जिसकी तत्काल में पहचान नहीं हो रही थी पुलिस के प्रयास करने के बाद महिला की पहचान हो गई है पुलिस ने बताया कि महिला जुगराजपुर गांव की साधुवाइन पत्नी धधाई के रूप में हुई है और मंगलवार दोपहर 3:00 बजे महिला अपनी बेटी के घर बरियावा गांव जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन अपनी बेटी के घर महिला नहीं पहुंची है दूसरे दिन झाड़ियों में उसका शव कैसे पहुंचा है यह तो पुलिस की जांच का विषय है लेकिन महिला की पहचान पुलिस ने कर ली है।

## न्यूज झरोखा

### जनपदवासियों से 07 मई से 21 मई, 2026 तक स्वगणना करने की अपील

जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने स्वयं स्वगणना कर जनपद में स्वगणना का किया शुभारंभ



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने गुरुवार को एन.आई.सी. सभागार में स्वयं अपनी स्वगणना कर जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना कार्य का शुभारंभ किया। डीएम ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि दिनांक 07 मई, 2026 से 21 मई, 2026 तक निर्धारित अवधि में सभी नागरिक स्वयं एवं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन माध्यम से दर्ज कर स्वगणना अवश्य करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से जनगणना के आंकड़े अधिक सटीक एवं विश्वसनीय बनेंगे,जिससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि स्वगणना प्रक्रिया नागरिकों को घर बैठे सुविधाजनक तरीके से अपनी जानकारी दर्ज कराने का अवसर प्रदान करती है। सभी लोग जागरूकता के साथ इस राष्ट्रीय अभियान में सहभागिता निभाएं और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी स्वगणना किया।

### भूमि विवाद की 05 शिकायतों का उप जिलाधिकारी ने ग्राम अफजलपुर सातों में मौके पर ही कराया निस्तारण



**कौशांबी** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत आज ग्राम अफजलपुर सातों में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित कुल 05 शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम की गाटा संख्या 2590 एवं 2616, तालाब की लगभग 6 बीघे भूमि पर हुए अवैध कब्जे को ट्रैक्टर से जोतकर अतिक्रमण मुक्त कराया। इसी प्रकार बलराम निषाद के आबादी में रास्ते के विवाद का समाधान किया गया। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित किया गया। गंगा के किनारे भूमि की चिन्हांकन कर पट्टेदारो के विवाद को निस्तारित किया।उप जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को जमीनी विवाद से बचने एवं कोर्ट से जमीनी विवाद निपटाने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। इसके साथ उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### उप जिलाधिकारी ने ग्राम टीकरा में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण



**कौशांबी** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम टीकरा में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम टिकरा मजरा ढेरहा में रामवन गमन मार्ग के अन्तर्गत अधिग्रहीत भूमि गाटा संख्या 966, गाटा संख्या 967, गाटा संख्या 878 एवं गाटा संख्या 872 को लेकर समस्या का समाधान कराकर परियोजना का कार्य सुचारु कराया गया उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने ग्राम चौराडीह में भूमि विवाद की 03 शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण

**कौशांबी** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी न्यायिक ओम प्रकाश ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत गुरुवार को तहसील चायल की ग्राम चौराडीह में आयोजित कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया एवं ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम की गाटा संख्या 61 एवं 192, जो खतौनी में चकमार्ग दर्ज है, का चिन्हांकन कर मौके पर ही अवैध कब्जा हटवाया। इसी प्रकार आराजी संख्या 733, जो खतौनी में नवीन परती एवं आराजी संख्या 734, जो खतौनी में तालाब की भूमि दर्ज है, पर हुए अवैध अतिक्रमण को मौके पर ही हटवाया।अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### एसपी ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई

**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा आमजनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्राथना पत्र प्रस्तुत किए,जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए।

# जिलाधिकारी ने की शिक्षा विभाग के निर्माणा धीन परियोजनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**पूर्व में कराए गए निर्माण कार्यों के गुणवत्ता की जांच कराई गई तो कार्यदाई संस्थानों में व्याप्त भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा होगा**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने उदयन सभागार में बेसिक शिक्षा,माध्यमिक शिक्षा,समाज कल्याण एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय एवं मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर,सी.एंड डीएस को और लेबर बढ़ाकर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल आदि निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान सहायक अभियंता,यूपीसीडको को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष आदि के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को अवशेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर हैंडओवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय महिला महाविद्यालय,मूरतगंज के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराई जाए। उन्होंने महामाया डिग्री कॉलेज में निर्माण कार्यों को आगामी दीपावली तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बीते दिनों सीएनडीएस और यूपी सिडको सहित विभिन्न कार्यदाई संस्थाओं द्वारा जिले में तमाम निर्माण कार्य गए थे और कुछ समय में ही इन संस्थाओं द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों के गुणवत्ता की कलई खुल गई है यदि इन संस्थाओं द्वारा पूर्व में कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराई गई तो इन संस्थानों में व्याप्त भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा होगा।

## संयुक्त जिला चिकित्सालय से हर महीने सैकड़ो हेलमेट होते है चोरी

**कौशांबी।** संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज मंझनपुर में बाइक खड़ी करने वाले मरीज और उनके परिवार की बाइक से हेलमेट चोर गिरोह सक्रिय है कई महीनो से लगातार संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज में खड़ी बाइक से हेलमेट चोरी हो रहा है बताया जाता है कि सुरक्षा ड्यूटी में लगे गार्डो के पालतू लोग हेलमेट चोरी कर रहे हैं जिससे हेलमेट चोरी पर रोक लगाती नहीं दिख रही है एक महीना पहले जिला चिकित्सालय के एक स्टाफ का हेलमेट मोटरसाइकिल में टंगा हुआ था जो गायब हो गया है 5 मई को फिर जिला चिकित्सालय के स्टाफ नाथन सिंह के बुलेट मोटरसाइकिल से हेलमेट गायब हो गया है प्रतिदिन आयुष चिकित्सालय के पास अपनी बुलेट मोटरसाइकिल खड़ी करके हेलमेट हैंडल में टांग देते थे 5 मई को ड्यूटी करने के बाद जब नथन सिंह बाहर निकले तो उनकी बुलेट मोटरसाइकिल से हेलमेट गायब था काफी खोजबीन करने के बाद उनका भी हेलमेट नहीं मिला है संयुक्त जिला चिकित्सालय से लगातार मोटरसाइकिल से हेलमेट चोरी किए जाने का यह मामला बड़ा गंभीर है आखिर वहां दजर्नों गार्ड की ड्यूटी सुरक्षा में लगाई गई है तो गार्ड सुरक्षा क्या कर रहे हैं लोगों ने बताया कि हेलमेट चोरी करने वाले गिरोह चोरी करने में मस्त है और गार्ड खैनी रगड़ने में मस्त रहते हैं।

# प्रेम विवाह करने वाली विवाहिता का फंदे पर लटकता मिला शव

अखंड भारत संदेश

## प्रेम विवाह के 10 वर्ष बाद आखिर विवाद का कारण क्या जिससे करनी पड़ी आत्महत्या



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बघेलापुर गांव की एक बालिका ने कुछ वर्षों पहले गांव के ही युवक से प्रेम विवाह किया था गुरुवार की सुबह घर के भीतर फांसी के फंदे से विवाहिता की लाश लटक रही थी परिवार के लोगों को जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया मामले की सूचना गांव वालों को लगी तो घटनास्थल पर सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना थाना पुलिस को मिली मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ कोखराज थानेदार पहुंचे और विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के बघेलापुर गांव निवासी रिंकी देवी पुत्री राज लाल रैदास ने लगभग 10 वर्षों पहले गांव के रहने वाले गिरजेश पुत्र राम निहोरा सरोज के साथ प्रेम विवाह किया था दोनों का जीवन हंसी खुशी चल रहा था अचानक दोनों के बीच कौन सा विवाद उत्पन्न हो गया जिससे परेशान होकर प्रेम विवाह करने वाली विवाहिता रिंकी देवी उम्र 30 वर्ष ने गुरुवार की भोर में घर के भीतर फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर लिया है जानकारी मिलते ही गांव के सैकड़ो लोगों की मौके पर भीड़ लग गई सूचना मिलते ही मौके पर थाना पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# जिलाधिकारी ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

## विगत कई दिनों से अनुपस्थित चल रहे 14 शिक्षकों शिक्षामित्रों अनुदेशकों की सेवा समाप्त

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने गुरुवार को उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की बैठक में जिलाधिकारी ने जर्जर परिषदीय विद्यालयों के ध्वस्तीकरण नीलामी की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं जिला समन्वयक सिविल को अवशेष रह गए 137 जर्जर परिषदीय विद्यालयों भवनों की भी नीलामी कार्यवाही इस माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को विद्यालयों में निपुण तालिका एवं कार्य पुस्तिका भरवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए सुधार लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित कराया जाए जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को सफाई कर्मियों के माध्यम से विद्यालय परिसर की बेहतर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि स्कूल चलो अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक बच्चों का नामाकन विद्यालयों में कराया जाय,ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक भी कराया जाए। ब्लॉक स्तरीय टॉस्कफोर्स की बैठक अनिवार्य रूप से किया जाय तथा विद्यालयों का निरीक्षण कर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखी जाय। बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि विगत कई दिनों से अनुपस्थित चल रहें 14 शिक्षकों शिक्षामित्रों अनुदेशकों की सेवा समाप्त कर दी गई है तथा 15 शिक्षामित्रों एवं 02 अनुदेशकों की सेवा समाप्त करने की कार्यवाही प्रचलित है। बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि 46 विद्यालय और अवशेष रह गए, जहां पर हाईटेंशन तार शिफ्ट कराया जाना है। जिस पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता, विद्युत को शीघ्र शिफ्ट कराने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## केरलम में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जताई खुशी



**कौशांबी।** बीते दिनों विधानसभा के आए चुनावी परिणाम में केरलम में कांग्रेस की जीत पर कांग्रेसियों ने नगर पंचायत चरवा में गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में एक दूसरे को मिठाई खिला कर गाजे बाजे के साथ खुशी का इजहार किया इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास की जीत है कांग्रेस हमेशा जनता के उद्धार के लिए कार्य किया है उसका ही परिणाम है जो आज केरलम में हमारी सरकार बनने जा रही है उन्होंने कहा कि कांग्रेस राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,जननायक राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के ऊपर जनता का भरोसा बढ़ रहा है और इसी क्रम में आने वाले समय में हम जनहित के लिए और मजबूती से कार्य करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय,नैय्यर रिजवी,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,श्याम सिंह भदौरिया,जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल,हेमन्त रावत,मोहम्मद नोमान, नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय,फ्ळक जिलाध्यक्ष आयुष यादव,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,रमेश यादव,राकेश पाल,मनोज प्रजापति,आलोक त्रिपाठी अमित पाण्डेय,कपिल पाण्डेय,गुलज़ारी केसरवानी,दीपू केसरवानी अनिल केशरवानी समर सरोज,विकास यादव,बड़का रैदास,प्रदीप गौतम,गुलाब कुशवाहा,अनिल सेन,छोटू ,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने ग्राम चौपाल में सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

**जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सोमवार को ग्राम में कैम्प लगाकर छूटे हुए सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश**




**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने गुरुवार को गॉव की समस्या,गॉव में समाधान के अन्तर्गत विकास खण्ड सिराथू की ग्राम-गंभीरा पूरब में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने,पेंशन,शौचालय का लाभ मिलने,राशन मिलने,कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि सोमवार को ग्राम में कैम्प लगाकर छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित किया जाय। उनके द्वारा नजदीकी सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने पर ग्रामवासियों ने बताया गया कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से पूछा कि विद्यालय में अध्यापक समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं या नहीं,जिस पर बताया गया कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को विद्यालय का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया एवं बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। इसके साथ ही उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किया। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं जिला उद्यान अधिकारी को जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम में पाइपलाइन बिछाने के कार्य का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 77 परिवारों को चिन्हित किया गया है,सभी पात्र लोगों को शीघ्र आवास योजना से लाभान्वित किया जाएगा। ग्राम चौपाल में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभागीय योजनाओं कार्यक्रमों की जानकारी देकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की अधिशासी अभियंता,जल निगम जयपाल सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत आगामी 15 दिन के अंदर संपूर्ण ग्राम में पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रेलवे ओवरब्रिज पर अचानक उल्टा दौड़ने लगा ओवरलोड बालू का डंफर ट्रक

### कई ई रिक्शा और वाहन क्षतिग्रस्त कई के घायल होने की सूचना

**तिल्हापुर कौशाम्बी** ओवरलोड बालू लोड़कर जा रहा डंफर ट्रक अचानक रेलवे ओवरब्रिज पर उल्टा दौड़ने लगा,ट्रक के उल्टा दौड़ने के चलते कई ई रिक्शा और वाहन चपेट में आ गए,कई वाहनों को नुकसान हुआ है,कई वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए,वही ई रिक्शा पर सवार लोगों के अफरा तफरी मच गई,ई रिक्शा से सवारी कूदने लगी इस दौरान कई के घायल होने की भी सूचना है,एक बोलेरो गाड़ी ट्रक की टक्कर से आड़ा तिरछा हो गई और ट्रक रुक गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच और रेलवे ओवरब्रिज के ट्रैफिक को क्लियर करने में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी रेलवे ओवरब्रिज पर एक डंफर ट्रक ओवरलोड बालू लोडकर जा रहा था,जैसे ही वह रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंचा अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह रेलवे ओवरब्रिज पर उल्टा दौड़ने लगा,लोड ट्रक के उल्टा दौड़ने से कई ई रिक्शा और वाहन उसकी चपेट में आ गए और क्षतिग्रस्त हो गए,वही ट्रक की चपेट में न आ जाए इसके लिए ई रिक्शा पर सवार लोग कूद कूद कर भागने लगे,इससे अफरा तफरी मच गई।इस घटना में कई लोगों के मामूली घायल होने की भी सूचना है।बहरहाल किसी प्रकार से एक बोलेरो गाड़ी के चलते ट्रक रुक गया और लोगों ने राहत की सांस ली।घटना के बाद भारी मात्रा में लोगों की भीड़ जमा हो गई,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच और रेस्क्यू में जुटी हुई है।

# फोटो खींचकर बाइक का ऑनलाइन चालान कर वीरता दिखा रही है यातायात पुलिस

अखंड भारत संदेश

**जिले के विभिन्न सड़कों पर 8000 से अधिक विक्रम ऑटो सीएनजी अप्पे से 300 से 500 रुपए महीने की होती है वसूली**

**कौशांबी।** जिले की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है जगह-जगह पर जाम लगता है जब कि यातायात व्यवस्था सुचारु करने के लिए जिले के विभिन्न चौराहा पर कई दर्जन होमगार्ड और पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन होमगार्ड के जवान और पुलिस यातायात व्यवस्था को सुचारु करने में सफल नहीं दिखाई पड़ रही है पूरे जिले के कस्बे बाजार में विक्रम ऑटो सीएनजी अप्पे चालकों का आतंक व्याप्त है बिना लाइसेंस के ओवरलोड सवारी लेकर गलत स्थान पर पार्किंग करके विक्रम ऑटो सीएनजी अप्पे चालक व्यवस्था को चौपट कर रहे हैं लेकिन जिले के विभिन्न चौराहे कस्बे से चलने वाले लगभग 8000 विक्रम ऑटो सीएनजी अप्पे पर यातायात पुलिस की कार्यवाही नहीं दिखाई पड़ रही है पूरे दिन सड़कों पर निकलने वाले बाइक की फोटो खींचकर ऑनलाइन चालान कर यातायात पुलिस वीरता दिखा रही है सूत्रों की माने तो पूरे जिले में संचालित ऑटो सीएनजी विक्रम अप्पे से ?300 महीने से ?500 महीने तक की वदी के नाम पर वसूली खुले आम हो रही है जो जन-जन की जुबान में है वसूली के चलते यातायात पुलिस विक्रम ऑटो सीएनजी और अप्पे चालकों के ओवरलोड सवारी लेकर चलने बीच सड़क पर पूरे दिन सवारी भरने के गुनाहों को माफ कर देती है जनपद मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न बाजार चौराहे पर आड़े तिरछे विक्रम ऑटो सीएनजी अप्पे खड़ी कर सवारी भरने के बाद उनके गुनाह माफ कर दिए जाते हैं बिना लाइसेंस के चालक विक्रम ऑटो सीएनजी अप्पे सड़क पर निर्धारित गति से तेज स्पीड में वाहनों को दौड़ा रहे हैं जो प्रतिदिन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं लेकिन उनके गुनाह माफ है इतना ही नहीं जनपद मुख्यालय मंझनपुर से भरवारी मूरतगंज पूरा मुक्ति होकर चलने वाले प्राइवेट बस को सरकार ने परमिट नहीं दिया है मंझनपुर से इलाहाबाद की सड़क पर प्राइवेट बसों के संचालन का परमिट पूरी तरह से सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है लेकिन उसके बाद इस सड़क पर अवैध तरीके से 30 बस प्रतिदिन तीन चक्कर सड़कों पर दौड़ रही है अवैध तरीके से सड़कों पर दौड़ने वाली 30 बस पर यातायात पुलिस की कार्यवाही नहीं दिखाई पड़ रही है लेकिन बाइक की फोटो खींचकर आन लाइन चालान कर पूरी वीरता यातायात पुलिस दिखाती है बाइक का ऑनलाइन चालान कर यातायात पुलिस ने इस तरह से वीरता दिखाई जैसे वह दुश्मन देश से जंग जीत कर आ रही हो इतना ही नहीं जिले में 10000 से अधिक बिना परमिट के ट्रैक्टर की ट्रालियां सड़क पर ओवरलोड बालू लेकर दौड़ रही है बताया जाता है कि इनसे 3000 महीने एंट्री के नाम पर यातायात पुलिस को मिलते हैं जिससे 10000 ओवरलोड बिना परमिट के ट्रैक्टरों पर भी यातायात पुलिस की कार्यवाही नहीं होती है इतना ही नहीं कई हजार ट्रक डंपर ट्राला सड़कों पर ओवरलोड बालू लेकर दौड़ रहे हैं लेकिन इन वाहनों के भी संचालन पर रोक लगाने का प्रयास यातायात पुलिस द्वारा नहीं किया जा रहा है जब कभी अधिकारियों का कठोर निर्देश मिला तो औपचारिकता निभाने के लिए कुछ वाहनों का चालान कर पूरी वसूली पर पर्दा डालने का प्रयास होता है जिससे यातायात पुलिस की वीरता पर सवाल खड़े हैं यातायात संचालन को सुचारु न कर पाने वाले यातायात निरीक्षक के कारनामे पर यदि पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो अवैध वसूली के इस बड़े खेल का भंडाफोड़ होगा।

# सम्पादकीय

## चुनावी नतीजों से बनी 2029 की तस्वीर

2014 के कुछ पहले से देश में एक नैरेटिव सेट करने की कोशिश की जा रही थी, जिसमें भाजपा के नरेन्द्र मोदी के बरक्स कांग्रेस के राहुल गांधी को खड़ा किया जाता था। हालांकि 2014 में नरेन्द्र मोदी भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे और राहुल गांधी एक सांसद से ज्यादा कुछ नहीं थे। फिर भी भाजपा के निशाने पर गांधी परिवार रहता था और इसमें भी राहुल गांधी तो 2004 से ही, जब वे पहली बार सांसद बने थे, तब से भाजपा के निशाने पर रहते थे। दरअसल भाजपा ने 2014 में कांग्रेस मुक्त भारत की मुहिम छेड़ी थी और उसका यह अनुमान था कि अगर राहुल गांधी को पस्त किया जा सके तो कांग्रेस भी फिर ज्यादा वक्त तक टिक नहीं पाएगी। 2014 के बाद के जिन चुनावों में कांग्रेस को मात मिलती, उसे भाजपा कांग्रेस मुक्तभारत की तरफ एक और कदम बताती थी। लेकिन धीरे-धीरे उसे समझ आया कि न राहुल गांधी को झुकाना संभव है, न देश को कांग्रेस मुक्त बनाना। इसके बाद भाजपा की रणनीति बदली और उसके निशाने पर आए क्षेत्रीय दल। चाहे विपक्ष के दल हों या एनडीए में भाजपा के अपने सहयोगी दल, किसी को भी बख्शा नहीं गया। 2026 में जो पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए हैं, उनके नतीजे इसी रणनीति, इसकी सियासी कहानी का विस्तार कहे जा सकते हैं।

तमिलनाडु, केरल, पुड्डुचेरी, असम और प.बंगाल में 4 मई को आए नतीजे केवल इन राज्यों के लिए नहीं बल्कि समूचे लोकतंत्र के लिए बड़ा संदेश लेकर आए हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पूरे नतीजे तो घोषित नहीं हुए, लेकिन असम और पुड्डुचेरी में भाजपा की सरकार फिर से बन रही है, प.बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 15 साल बाद हार रही है, लेकिन भाजपा को बड़ी जीत मिली है, यह ज्यादा बड़ी खबर है। केरल में कांग्रेस 10 साल बाद सत्ता में आ रही है और पहली बार वाम मोर्चा किसी राज्य में सत्ता में नहीं है। वहीं तमिलनाडु में भी डीएमके सत्ता से बाहर हो गई है। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम यानी डीएमके और कांग्रेस गठबंधन अपनी सत्ता बरकरार नहीं रख पाए। लेकिन यहां की परंपरागत राजनीति की तरह इस बार अन्नाद्रमुक को सत्ता नहीं मिली, बल्कि टीवीके बनाकर राजनीति में पहली बार कदम रखने वाले फिल्मों के सुपरस्टार थलापति विजय ने बड़ी जीत हासिल की है। तमिलनाडु की राजनीति में फिल्मी अभिनेता-अभिनेत्रियों का बड़ा कद हासिल करना नया चलन नहीं है। लेकिन फिर भी टीवीके की जीत पर आश्चर्य जताया जा रहा है क्योंकि विजय कभी अपनी रैलियों में अव्यवस्था को लेकर, कभी निजी जीवन के विवादों को लेकर सवालों के घेरे में रहे। यह तो माना जा रहा था कि विजय के कारण वोट बंटेंगे और खासकर स्टालिन को नुकसान होगा, लेकिन इसकी उम्मीद नहीं थी कि इतनी बड़ी जीत वो दर्ज करेंगे। बहरहाल, अब वे किस तरह सत्ता संभालते हैं और क्या कांग्रेस इसका हिस्सा किसी तरह बनती है या नहीं, ये देखना होगा। क्योंकि विजय डीएमके विरोधी तो हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए अपना झुकाव वे एकाधिक मौकों पर दिखा चुके हैं।

# बंगाल विजयः संघ की जमीनी साधना शांति से शक्ति तक

-: ललित गर्ग:-

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक, अद्भुत, अविस्मरणीय एवं करिश्माई जीत के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) की बहुत बड़ी भूमिका रही है। निश्चिततौर पर इस शानदार जीत के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह मुख्य भूमिका में हैं। लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी की मजबूत चुनौती के सामने भाजपा की जीत के लिए संघ लंबे समय से मेहनत कर रही थी और उसकी वह मेहनत ही जीत का सशक्त माध्यम बनी है। पश्चिम बंगाल में लगातार चल रही हिन्दू विरोधी गतिविधियों एवं मुसलमानों के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए संघ ने इस चुनाव के मद्देनजर बहुत पहले से ही कमर कस ली थी, संघ ने पश्चिम बंगाल में 1.75 लाख से अधिक छोटी-बड़ी बैठकें आयोजित कीं। पिछले 15 सालों में संघ ने पश्चिम बंगाल में तेजी से विस्तार किया है और एक मजबूत ह्यहिंदू वोट बैंकह्न तैयार किया है। पश्चिम बंगाल में पिछले 15 वर्षों में संघ की शाखाओं की संख्या 900 से बढ़कर 5,000 तक पहुंच गई है। संघ के स्वयंसेवकों ने पश्चिम बंगाल में घर-घर जाकर ह्यबंग बचाओह्न इस थीम पर ह्यमतदाता जागरूकता अभियानह्न चलाया। संघ की माइक्रो प्लानिंग ने बंगाल में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त दिलाई और सत्ता परिवर्तन का माध्यम बनी। पश्चिम बंगाल चुनाव भाजपा के लिए एक ऐतिहासिक ह्यमील का पत्थरह्न और ऐतिहासिक सफलता साबित हुआ।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि राजनीति केवल बड़े मंचों, विशाल रैलियों और जोरदार नारों से तय नहीं होती। कई बार असली लड़ाई उन स्तरों पर लड़ी जाती है, जहां न कैमरे पहुंचते हैं और न ही जमीनी प्रयास सुर्खियां बनती हैं। इस बार के चुनाव में एक ऐसी ही खामोश रणनीति कारगर साबित हुई है। जहां एक ओर ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का आक्रामक चुनाव प्रचार केंद्र में रहा, वहीं दूसरी ओर संघ से जुड़े कार्यकताओं ने अपेक्षाकृत शांत रहकर ह्यनिःशब्द विप्लवह्न या ह्यमूक क्रांतिह्न को अंजाम देते हुए जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर ध्यान दिया। बंगाल की अस्मिता, विकास और सांस्कृतिक पहचान जैसे मुद्दों को आधार बनाकर जनजागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला, युवा, प्रबुद्ध वर्ग, किसान, श्रमिक और अनुसूचित जाति-जनजाति समुदायों तक अलग-अलग तरीकों से पहुंचने की कोशिश की गई।

निश्चिततौर पर पश्चिम बंगाल की राजनीति ने वर्ष 2026 में जो ऐतिहासिक करवट ली, वह केवल सत्ता परिवर्तन की घटना नहीं है, बल्कि एक गहरे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तन का संकेत भी है। लंबे समय तक वामपंथी प्रभाव और उसके बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का वर्चस्व रहा, लेकिन इस बार जनमत ने जिस प्रकार से भाजपा के पक्ष में निर्णायक रूप से झुकाव दिखाया, उसने स्थापित राजनीतिक धारणाओं को चुनौती दी है। इस परिवर्तन के मूल में जो शक्ति को सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानी रही है तो वह है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसने एक अदृश्य लेकिन अत्यंत प्रभावशाली भूमिका निभाई है। यह विजय केवल चुनावी रणनीतियों का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहे संगठनात्मक परिश्रम, वैचारिक विस्तार और समाज के भीतर गहराई तक किए गए संवाद का परिणाम है। पश्चिम बंगाल में संघ का विस्तार किसी तात्कालिक राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित नहीं था, बल्कि यह एक दीर्घकालिक सामाजिक दृष्टि का हिस्सा था। पिछले डेढ़ दशक में संघ ने प्रांत में जिस प्रकार अपनी शाखाओं का विस्तार किया और समाज के विभिन्न वर्गों तक अपनी पहुंच बनाई, उसने एक मजबूत वैचारिक आधार तैयार किया। यह कार्य किसी प्रचार की तरह नहीं, बल्कि एक शांत सामाजिक प्रक्रिया एवं क्रांति की तरह हुआ, जिसने धीरे-धीरे जनमानस को प्रभावित किया। यही कारण है कि जब चुनाव का समय आया, तो एक पहले से तैयार मानसिकता भाजपा के पक्ष में खड़ी दिखाई दी।

इस पूरे परिदृश्य में सरसंघचालक मोहन भागवत की रणनीतिक दृष्टि को भी विशेष रूप से रेखांकित किया जाना चाहिए। उन्होंने बंगाल को केवल एक राजनीतिक इकाई के रूप में नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक भूमि के रूप में देखा, भारत की अस्मिता के रूप में देखा। जिसकी अपनी विशिष्ट पहचान और परंपराएं हैं। संघ के प्रयासों में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि उसने बंगाल की सांस्कृतिक चेतना को समझने और उससे जुड़ने का प्रयास किया। दुर्गा पूजा, काली पूजा और रामनवमी जैसे पर्वों को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे एक व्यापक सामाजिक जुड़ाव स्थापित हुआ। इस प्रक्रिया में हिंदुत्व को किसी बाहरी विचारधारा के रूप में नहीं, बल्कि बंगाल की सांस्कृतिक आत्मा के एक स्वाभाविक विस्तार के रूप में प्रस्तुत किया गया। लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि बंगाली अस्मिता और हिंदुत्व परस्पर विरोधी हैं, लेकिन इस चुनाव में यह धारणा काफी हद तक टूटती हुई दिखाई दी। ह्लजय श्री रामह्व के साथ ह्लजय मां कालीह्व और ह्लजय मां दुर्गाह्व जैसे नारों का समन्वय केवल राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि एक सांस्कृतिक संदेश था, जिसने यह स्थापित किया कि क्षेत्रीय पहचान और व्यापक सांस्कृतिक विचारधारा के बीच कोई टकराव नहीं है। इस समन्वय ने मतदाताओं के भीतर एक नई प्रकार की आत्मजागरूकता उत्पन्न की, जहां वे केवल विकास या योजनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि अपनी पहचान, सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के आधार पर भी निर्णय लेने लगे। चुनाव के दौरान जिस प्रकार से अस्तित्व एवं अस्मिता का विमर्श उभरा, उसने इस पूरे राजनीतिक परिदृश्य को एक नई दिशा दी। संघ और भाजपा ने इसे केवल एक चुनावी मुकाबले के रूप में प्रस्तुत नहीं किया, बल्कि एक वैचारिक संघर्ष के रूप में स्थापित किया, जिसमें पहचान और सम्मान के प्रश्न प्रमुख हो गए। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पर लगाए गए तुष्टिकरण के आरोपों ने इस विमर्श को और तीव्र किया, जिससे मतदाताओं के बीच एक स्पष्ट ध्रुवीकरण देखने को मिला। इस पूरे प्रक्रिया में संघ ने जमीनी स्तर पर संवाद स्थापित कर इस विचार को सामाजिक स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगठनात्मक दृष्टि से भी यह चुनाव एक उदाहरण प्रस्तुत करता है कि किस प्रकार मजबूत जमीनी ढांचा चुनावी सफलता का आधार बन सकता है। बूथ स्तर तक सक्रियता, कार्यकताओं के बीच समन्वय, गुटबाजी पर नियंत्रण और नए-पुराने कार्यकताओं का एकीकरण-इन सभी पहलुओं में संघ की भूमिका महत्वपूर्ण रही। यह केवल एक राजनीतिक दल का प्रयास नहीं था, बल्कि एक व्यापक संगठनात्मक सहयोग का परिणाम था, जिसने भाजपा को एक सशक्त चुनावी शक्ति के रूप में स्थापित किया।



इस जीत में नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और अमित शाह की रणनीतिक क्षमता ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, लेकिन इन प्रयासों को प्रभावी बनाने के लिए जिस सामाजिक आधार की आवश्यकता थी, वह संघ ने तैयार किया। यही कारण है कि यह जीत केवल शीर्ष नेतृत्व की सफलता नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर किए गए सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस चुनाव में बंगाल के मध्यम वर्ग का झुकाव भी एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में सामने आया। यह वर्ग परंपरागत रूप से विचारशील और राजनीतिक रूप से सजग माना जाता है और इसका समर्थन किसी भी राजनीतिक दल के लिए निर्णायक होता है। संघ ने इस वर्ग के बीच संवाद और जागरूकता के माध्यम से एक वैचारिक आधार तैयार किया, जिससे यह वर्ग भाजपा के समर्थन में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभरा। इस पूरे परिवर्तन को जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दृष्टिकोण और उनके सपनों के संदर्भ में भी देखा जा सकता है। उन्होंने जिस राष्ट्रवादी विचारधारा की नींव रखी थी, उसे आज बंगाल की धरती पर एक नए रूप में साकार होते हुए देखा जा रहा है। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक वैचारिक निरंतरता का प्रतीक भी है। अंततः यह स्पष्ट होता है कि पश्चिम बंगाल 2026 का चुनाव केवल एक चुनावी घटना नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक और वैचारिक परिवर्तन का प्रतीक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जिस प्रकार से वर्षों तक धैर्य और अनुशासन के साथ समाज के भीतर कार्य किया, वह आज परिणाम के रूप में सामने आया है। यह परिवर्तन यह संकेत देता है कि जब संगठनात्मक शक्ति, वैचारिक स्पष्टता और नेतृत्व की दिशा एक साथ मिलती है, तो वे न केवल राजनीतिक परिणामों को प्रभावित करती हैं, बल्कि समाज की दिशा को भी बदलने की क्षमता रखती हैं। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि यह परिवर्तन किस प्रकार आगे विकसित होता है और क्या यह केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित रहता है या एक स्थायी सामाजिक पुनर्जागरण का आधार बनता है।

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा हटाने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**सुल्तानपुर। कादीपुर** में महाराणा प्रताप की प्रतिमा हटाए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में कांग्रेसियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कादीपुर चीनी मिल चौराहे से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा हटाकर नगर पंचायत कार्यालय में नाली के पास रख दिया गया,जो महापुरुषों का खुला अपमान है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि 9 मई महाराणा प्रताप जयंती से पहले प्रतिमा को उसी स्थान पर ससम्मान पुनः स्थापित किया जाए, अन्यथा कांग्रेस बड़ा जनांदोलन करेगी।जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा राज में लगातार महापुरुषों का अपमान हो रहा है। महाराणा प्रताप देश के गौरव, शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक हैं,उनकी प्रतिमा को नाली के पास रखना बेहद शर्मनाक है।वहीं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस भूख हड़ताल और उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी। ज्ञापन में बिना सूचना प्रतिमा हटाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की भी मांग उठाई गई।




## विधवा महिला ने लगाया बंधुआकला थाना की पुलिस पर आरोप

**सुल्तानपुर जनपद** के बंधुआकला थाना की पुलिस पर लगा आरोप मारपीट में घायल महिला पीड़िता का ही उल्टा कर दिया गया चलान और मारपीट में शामिल चार लोगों के बजाय एक लोग पर ही कार्यवाई की गई हैं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मझना निवासी एक विधवा महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज, लूटपाट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता साधना मिश्रा अनुसार मारपीट करने वाले लोगों के उप्पर कार्य वाई करने के बजाय पीड़िता का भी किया गया चलान पीड़िता के अनुसार 16 अप्रैल 2026 को वह अपने बेटे विकास के साथ ई-रिक्शा से बाजार जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही अंकित पाण्डेय, अन्केत पाण्डेय तथा रविन्द्र पाण्डेय उर्फ मुन्ना ने ई-रिक्शा रुकवाकर गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट की। महिला का आरोप है कि हमलावर उसके गले से सोने की चैन, पर्स में रखे 700 रुपये और बैंक पासबुक छीनकर फरार हो गए। महिला ने बताया कि 18 अप्रैल को आरोपी उसके घर पहुंचे और दरवाजा पीटने लगे।



## गाजीपुर में जनगणना-2027 के पहले चरण की शुरूआत, 21 मई तक घर बैठे कर सकेंगे स्व-गणना

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर।** जनगणना-2027 के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और स्व-गणना प्रक्रिया की शुरूआत बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से हुई। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने सेल्फी प्वाइंट पर स्व-गणना कर अभियान का शुभारंभ किया और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाने की अपील की।

जिलाधिकारी ने बताया कि 7 मई से 21 मई 2026 तक नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 22 मई से 20 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर आंकड़ों का सत्यापन और गणना का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मोबाइल या कंप्यूटर के जरिए इंटरनेट माध्यम से आसानी से स्व-गणना की जा सकती है। उन्होंने बताया कि जिले में करीब एक लाख स्व-गणना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार के लगभग सात हजार कर्मचारियों को लगाया गया है। जनवरी और फरवरी 2027 में व्यक्तिगत गणना का कार्य भी किया जाएगा।

अफवाहों से बचने की अपील

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना प्रक्रिया को लेकर किसी प्रकार के भ्रम में आने की जरूरत नहीं है। इसे किसी अन्य अभियान से जोड़कर न देखा जाए।




## करीब 100 करोड़ का बजट पास,शहर के विकास को मिलेगी रफ्तार

**सुल्तानपुर। नगर** पालिका परिषद सुल्तानपुर की बोर्ड बैठक को पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट समेत चार महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा कर ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किए गए।बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 73 करोड़ 36 लाख रुपये की अनुमानित आय तथा पिछले वर्ष की 33 करोड़ रुपये की अवशेष धनराशि को जोड़ते हुए करीब 100 करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय का बजट पारित किया गया।पालिकाध्यक्ष ने कहा कि बजट में शहर के बहुआयामी विकास को प्राथमिकता दी गई है। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को गति देने के साथ पेयजल व्यवस्था, सड़क, जलनिकासी और मार्ग प्रकाश व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए पालिका प्रतिबद्ध है।बैठक में झील संरक्षण कार्यक्रम, नगरीय तालाब-पोखर संरक्षण, पेयजल योजना, पार्कों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, मलिन बस्ती विकास योजना ।



## बलिया से वाराणसी की नई बस सेवा शुरू, ग्रामीणों में खुशी की

**अखंड भारत संदेश**

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा बलिया से वाराणसी के लिए रोडवेज बस के संचालन पर स्थानीय थाना कोतवाली अंतर्गत राजापुर पहुंचने पर नागरिकों ने चालक और परिचालक का भव्य स्वागत किया। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा बलिया से वाराणसी के लिए नई बस सेवा का शुभारंभ कर दिया गया है। इस नई सेवा के शुरू होने से क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल है। इसके पीछे ग्राम राजापुर निवासी जय प्रकाश राय स. प्रवक्ता अष्ट शहीद इंटर कॉलेज मुहम्मदाबाद के प्रयास और मेहनत को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नई बस सेवा प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे बलिया से प्रस्थान करेगी। यह बस चितबड़ागांव, भरौली, करीमुद्दीनपुर, राजापुर, परसा, मुहम्मदाबाद, कठवा मोड़ एवं गाजीपुर होते हुए वाराणसी पहुंचेगी।

वहीं वापसी में यह बस दोपहर 2:30 बजे वाराणसी से बलिया के लिए रवाना होगी। राजापुर पहुंचने पर ग्रामीणों ने बस चालक, परिचालक एवं यात्रियों का फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।



## जनगणना-2027 की तैयारी शुरू, उप जिला अधिकारी ने की स्वगणना के लिए जागरूकता अपील

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर।** जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील सभागार कक्ष में आज उप जिला अधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी की अध्यक्षता में जनगणना-2027 को लेकर विशेष प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस मौके पर पत्रकारों के साथ-साथ आम नागरिकों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

उप जिला अधिकारी ने इस अवसर पर बताया कि जनगणना-2027 की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है, और इसका पहला चरण स्वगणना का होगा। उन्होंने कहा कि जनगणना निदेशक के आदेशानुसार यह कार्यक्रम सभी सरकारी कार्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। उपस्थित नागरिकों को स्वगणना की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई और उन्हें इसमें सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया गया।

डॉ. तिवारी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं स्वगणना में भाग लें और अधिक से अधिक लोगों को इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें।



## सचिव की उदासीनता से महुवीं गांव में गंदगी और जल जमाव से जनजीवन बेहाल

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद विकासखंड के ग्राम पंचायत महुवीं में लंबे समय से नालियों की अव्यवस्था, कूड़े के ढेर और ठप पड़ी सफाई व्यवस्था से ग्रामीणों का आक्रोश अब उग्र रूप ले चुका है। लोगों ने सचिव पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तुरंत सफाई और नाली निर्माण की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि सचिव गांव की ओर सिर्फ कभी-कभार ही ध्यान देते हैं, जिससे उनकी उदासीनता गांव की समस्याओं को बढ़ाती जा रही है। शिवजी पासवान ने बताया कि बारिश होते ही गलियां कीचड़ और जलभराव से भर जाती हैं, जिससे आवागमन बेहद मुश्किल हो जाता है। वहीं धनवती और रीता कुशवाहा ने कहा कि उनके घर के सामने कूड़े के ढेर के कारण वह रास्ता ही बंद कर चुके हैं। उनका आरोप है कि पिछले पांच वर्षों में सफाईकर्मी एक बार भी गांव नहीं आए, जिससे गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

हनुमान कुशवाहा ने बताया कि हाल ही में उनके घर बारात आई थी, लेकिन खराब सड़क के कारण मेहमानों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने कहा, "यदि सड़क आरसीसी होती तो ऐसी स्थिति नहीं बनती।"



# जिस दिन निकलनी थी बारात, उसी दिन उठ गई दूल्हे के दादा की अर्थी

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। जिस** आंगन में शहनाइयों की गूंज होनी थी, वहां अचानक मातम पसर गया। शादी की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, कार्ड बंट चुके थे और बारात निकलने में महज कुछ घंटे बाकी थे। तभी लड़की पक्ष की ओर से शादी से इनकार की खबर आई और यह सदमा दूल्हे के दादा बर्दाश्त नहीं कर सके। हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई।

मामला गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। बताया जाता है कि युवक की शादी 7 मई को तय थी। दोनों पक्षों में तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। रिश्तेदार घर पहुंच चुके थे और बारात की तैयारियों के बीच घर में उत्सव जैसा माहौल था। इसी दौरान शादी से एक दिन पहले लड़की की मां ने अचानक वर पक्ष को बारात न लाने और शादी न करने की बात कह दी।

अचानक आए इस फैसले से वर पक्ष के लोग स्तब्ध रह गए। शादी टूटने की खबर जैसे ही दूल्हे के दादा तक पहुंची।




## तीसरे दिन गंगा में मिला हरिओम का शव,शादी की खुशी मातम में बदली

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। ज्ञानानंद** घाट पर मंगलवार को डूबे 42 वर्षीय हरिओम तिवारी का शव तीसरे दिन गुरुवार को औघड़ नाथ मंदिर के सामने गंगा पार भानीपट्टी (जोपा) में उतराया मिला। सूचना पर रामपुर घाट चौकी प्रभारी प्रमोद यादव परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। सुजातपुर निवासी हरिओम 2 मई को मुंबई से भतीजे की शादी में शामिल होने गांव आए थे। मंगलवार सुबह ज्ञानानंद घाट पर स्नान करते समय वह गहरे पानी में डूब गए थे। स्थानीय गोताखोर व एनडीआरएफ की टीम ने तलाश की,लेकिन दूसरे दिन बुधवार को सर्च ऑपरेशन अधूरा छोड़ टीम लौट गई थी।

गुरुवार को रामपुर व औघड़ नाथ घाट के सामने गंगा पार शव उतराया मिला। मृतक के भतीजे की गुरुवार को ही बारात जानी थी, लेकिन हादसे के चलते शादी स्थगित कर दी गई। घर में शादी की तैयारियों के बीच मातम पसर गया। हरिओम मुंबई में रहते थे और दो मई को ही गांव पहुंचे थे।



# चलती कार बनी आग का गोला, परिवार ने कूदकर बचाई जान

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। नगर** के पेट्रोल पंप स्थित बैंक ऑफ इंडिया के सामने गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। घटना में कार सवार परिवार बाल-बाल बच गया, जबकि देखते ही देखते पूरी कार जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम सरई मिश्रानी थाना गोपीगंज निवासी नीरज दुबे पुत्र हीरामणि दुबे अपने परिवार के साथ कार संख्या यूपी 65 ए वी 0156 से वाराणसी की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी कार बैंक ऑफ इंडिया के सामने पहुंची, तभी अचानक गाड़ी से धुआं निकलना शुरू हो गया। कुछ ही क्षणों में धुआं आग में तब्दील हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कार में सवार सभी लोग तुरंत वाहन से बाहर निकल आए और अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया।



# कलेक्ट्रेट में डीएम का औचक निरीक्षण पटल सहायक को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

- लंबित फाइलों पर बरसे डीएम



फाइलों का निरीक्षण करते डीएम



पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण करते डीएम

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट में उस समय प्रशासनिक हलचल तेज हो गई जब जिलाधिकारी पुलकित गर्ग अचानक विभिन्न अनुभागों के निरीक्षण के लिए पहुंच गए। डीएम ने एक-एक फाइल, अलमारी और लंबित पत्रावलियों का बारीकी से अवलोकन कर कार्यप्रणाली की हकीकत परखी। सबसे पहले उन्होंने भूलेख अनुभाग का निरीक्षण किया, जहां खरीफ क्रॉप सर्वे की प्रगति की जानकारी ली गई। इसके बाद भू-अभिलेख विभाग में अंश निर्धारण से जुड़ी पत्रावलियों की समीक्षा करते हुए डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइलें अनावश्यक रूप से लंबित मिलने पर जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया और संबंधित कर्मचारियों को समयबद्ध निस्तारण की कड़ी चेतावनी दी गई। वहीं लिंक एक्सप्रेस-वे प्रकरण में उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद समिति गठन न होने पर डीएम ने तीखी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित पटल सहायक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश जारी कर दिए। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को फाइलों का व्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़े मामलों का पारदर्शिता और तेजी से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चंद्रशेखर भी मौजूद रहे।

### पीएम हाउस की बदहाली पर एक हफ्ते का अल्टीमेटम

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित पोस्टमार्टम हाउस का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय भवन, प्रस्तावित सभागार स्थल और सीएमओ कक्ष का अवलोकन करते हुए सौंदर्यीकरण एवं फाल्स सीलिंग कराने के निर्देश दिए। पोस्टमार्टम हाउस की व्यवस्थाओं पर असंतोष जताते हुए डीएम ने एक सप्ताह के भीतर स्पष्ट सुधार दिखाई देने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने आधुनिक उपकरणों के उपयोग, पुराने सामान हटाने, बायोमेडिकल वेस्ट मानकों के पालन, ड्रेस कोड सुनिश्चित करने तथा साफ-सफाई व रंग-रोगन के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक्स-रे कक्ष, रसायन कक्ष एवं शव विच्छेदन कक्ष का भी जायजा लिया गया।

### जिले में शुरू हुई डिजिटल जनगणना की नई क्रांति, खुद आगे आए डीएम : एसपी

**चित्रकूट।** जिले में बुधवार को स्वगणना 2026 अभियान की शुरूआत प्रशासनिक सक्रियता और डिजिटल जागरूकता के साथ हुई। अभियान के प्रथम दिवस जिलाधिकारी ने स्वयं स्वगणना कर नागरिकों से इस महत्वपूर्ण जनभागीदारी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। वहीं पुलिस अधीक्षक ने भी स्वगणना कर लोगों को जागरूक किया। प्रशासन ने बताया कि स्वगणना के माध्यम से नागरिक अपने परिवार एवं सामाजिक विवरण को स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे, जिससे आंकड़ों की शुद्धता, पारदर्शिता और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूती मिलेगी। यह प्रक्रिया 07 मई से 21 मई 2026 तक संचालित होगी। अधिकारियों ने सभी नागरिकों से निर्धारित अवधि में पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने का आग्रह किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चंद्रशेखर, अमित कुमार पटेल तथा डीआईओ एनआईसी अविनाश कुमार भी मौजूद रहे।

## दौरे, चेतावनी और फाइलों का खेल, आखिर न्याय कब पहुंचेगा चित्रकूट की चौखट?

- आयोगों की दस्तक या सिर्फ सरकारी खानापूर्ति
- निस्तारण या सिर्फ कागजी श्रृंगार?

**चित्रकूट।** जिले में महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग और अन्य वैधानिक संस्थाओं के दौरे अब कोई नई बात नहीं रह गए हैं। समय-समय पर बड़े अधिकारी आते हैं, निरीक्षण भवनों में बैठकें होती हैं, जनसुनवाई आयोजित की जाती है और मंचों से अधिकारियों को कड़ी चेतावनियां भी दी जाती हैं। प्रेस विज्ञप्तियों में दावा किया जाता है कि महिलाओं, पीड़ितों और वंचितों को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। लेकिन इन चमकदार बैठकों और सख्त निर्देशों के बीच सबसे बड़ा सवाल आज भी हवा में ही है कि आखिर वास्तव में कितनी शिकायतों का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो पाता है? जिले में अक्सर देखा गया है कि शिकायतकर्ता महीनों तक दफ्तरों के चक्कर काटते रहते हैं, जबकि फाइलों में मामलों को निस्तारित दिखा दिया जाता है। कई पीड़ित यह आरोप लगाते हैं कि जांच केवल कागजी खानापूर्ति बनकर रह जाती है और प्रभावशाली लोगों से जुड़े मामलों में कार्रवाई की होती ही नहीं है। महिला उत्पीड़न, भूमि विवाद, भ्रष्टाचार, पुलिस कार्रवाई और सामाजिक उत्पीड़न जैसे मामलों में आयोगों की सक्रियता अक्सर दौरे तक सीमित दिखाई देती है। जनता के बीच अब यह चर्चा तेज होती जा रही है कि क्या आयोगों के ये दौरे वास्तव में न्याय दिलाने के लिए होते हैं या फिर सिर्फ सरकारी व्यवस्था को संवेदनशील दिखाने का एक औपचारिक प्रदर्शन बनकर रह गए हैं। क्योंकि जब तक पीड़ित को समय पर निष्पक्ष न्याय नहीं मिलेगा, तब तक बड़ी-बड़ी बैठकों और सख्त चेतावनियों का असर केवल फाइलों और खबरों तक ही सीमित माना जाएगा।

## चकबन्दी में लापरवाही पड़ी महंगी, चकबन्दीकर्ता निलंबित तो कई किसानों पर एफआईआर के आदेश

- डीएम के तेवर से मचा हड़कंप
- चकबन्दी में दूषित कार्यप्रणाली का आरोप



चकबंदी समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले में चकबन्दी प्रक्रिया अब केवल प्रशासनिक कार्यवाही नहीं बल्कि गांवों के भीतर खींचतान, विरोध और सरकारी सख्ती का नया अखाड़ा बनती दिखाई दे रही है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला उप संचालक चकबन्दी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में कई गांवों में चकबन्दी कार्यों की सुस्त रफ्तार और जनविरोध ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी। बैठक में खुलासा हुआ कि धारा 7, 9 और 20 के अंतर्गत कई गांवों में कार्य जनविरोध के कारण ठप पड़ा है, जबकि कुछ गांवों में सीमांकन और चक सृजन की प्रक्रिया चल रही है। बाबूपुर गांव में चक सीमांकन की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने तीखी नाराजगी जताते हुए कार्यरत चकबन्दीकर्ता रमाकान्त गौतम की कथित दूषित कार्यप्रणाली पर निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दे डाले। वहीं लदेहटा और डुडौली गांव में चक सीमांकन कार्य में बाधा डालने वाले कृषकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और हर हाल में कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए गए। प्रशासन के तेवरों से साफ है कि अब चकबन्दी कार्यों में लापरवाही, अवरोध और विरोध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार, बन्दोबस्त अधिकारी मनोहर लाल वर्धन समेत चकबन्दी विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

### चित्रकूट न्यू सर्किट हाउस की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था 1 लाख से अधिक राजस्व प्राप्त

**चित्रकूट।** जिले में प्रशासन द्वारा शुरू की गई न्यू सर्किट हाउस एवं इंस्पेक्शन बंगलो की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था ने अपने पहले ही महीने में सफलता की नई इबारत लिख दी है। डिजिटल गवर्नेंस और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू इस व्यवस्था को आगंतुकों का उत्साहजनक समर्थन मिला है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एक माह के भीतर कुल 72 बुकिंग सफलतापूर्वक दर्ज की गईं, जिससे 1,00,400 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था ने बुकिंग प्रक्रिया को न केवल सरल और सुलभ बनाया है, बल्कि मानवीय हस्तक्षेप कम होने से पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि आगंतुकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर सेवाओं में लगातार सुधार किया जाएगा, ताकि चित्रकूट आने वाले अतिथियों और अधिकारियों को बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## 09 मई को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, विधिक सेवा प्राधिकरण ने निकाली लोक अदालत जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश



जागरूकता रैली में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले में बुधवार को न्याय व्यवस्था को आमजन तक पहुंचाने की अनोखी पहल देखने को मिली, जब जिला न्यायालय परिसर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शेषमणि समेत कई न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में निकली यह जागरूकता रैली कर्वी नगर की सड़कों से होती हुई ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंची और लोगों को 09 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान लोगों को बताया गया कि आपसी सुलह-समझौते के जरिए वर्षों पुराने विवादों का त्वरित समाधान कराया जाएगा, जिससे समय, धन और मानसिक तनाव तीनों से राहत मिलेगी। अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी लोक अदालत राममणि पाठक ने बताया कि बैंक वसूली, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्लेम, बिजली-पानी, राजस्व, चकबंदी, श्रम, ई-चालान, धारा 138 एनआई एक्ट समेत अनेक मामलों का निस्तारण किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने कहा कि लोक अदालत में निपटाए गए मामलों की कोर्ट फीस भी वापस हो जाती है, जिससे यह व्यवस्था आमजन के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनती जा रही है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण की जंग में उतरी पालिका, जनता से मांगा पूरा सहयोग

**चित्रकूट।** जिले में अब गंदगी फैलाने वालों की राह आसान नहीं रहने वाली। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लक्ष्य के साथ नगर पालिका परिषद ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर सख्त अभियान छेड़ दिया है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश में नगर क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, संग्रहण, परिवहन और वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की लड़ाई केवल प्रशासन की नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। लोगों से अपील की गई है कि वे निर्धारित वाहनों में ही कूड़ा दें और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने से बचें। साथ ही घरों में गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग रखने की आदत अपनाएं, ताकि कचरा प्रबंधन व्यवस्था मजबूत हो सके। पालिका का लक्ष्य चित्रकूट धाम को प्रदेश के स्वच्छ और आदर्श नगरों की सूची में शामिल कर नई पहचान दिलाना है।

## नया बाजार रेलवे फाटक के पास दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

- व्यापारियों ने दमकल व्यवस्था सुधारने की उठाई मांग

**चित्रकूट।** कर्वी के नया बाजार रेलवे फाटक के पास स्थित सिद्धगोपाल गुप्ता की दुकान में सोमवार रात अचानक भीषण आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई, लेकिन फायर ब्रिगेड करीब 40 से 45 मिनट बाद पहुंची। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यदि दमकल समय से पहुंच जाती तो लाखों रुपये का नुकसान टाला जा सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी महोदय रात में ही पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं वरिष्ठ व्यापारी पीडी गुप्ता ने मांग उठाई कि बाजार के बीच छोटी फायर ब्रिगेड गाड़ियां तैनात की जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर तुरंत काबू पाया जा सके।

### मई माह के राशन वितरण की तिथि 14 मई तक बढ़ाई गई

**चित्रकूट।** अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत माह मई 2026 के लिए आवंटित खाद्यान्न वितरण की तिथि अब 14 मई तक बढ़ा दी गई है। आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है, जिससे ऐसे कार्डधारकों को फायदा मिलेगा जो अब तक किसी कारणवश राशन प्राप्त नहीं कर सके थे। विस्तारित अवधि तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण जारी रहेगा।

## 55 प्रतिशत शिकायत निस्तारण पर तमतमाया प्रशासन, एलएंडटी तक पहुंचा नोटिस

- जल मिशन में मांगा पूरा हिसाब
- जल योजनाओं में मचा हड़कंप

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जल जीवन मिशन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक उस समय बेहद गर्मा गई जब निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार, तकनीकी खामियों और शिकायतों के कमजोर निस्तारण पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया। अपर जिला अधिकारी (नमामि गंगे) की अध्यक्षता में हुई बैठक में सिलौटा मुस्तकिल, चांदी बांगर और रैपुरा की पाइपलाइन परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जहां हजारों किलोमीटर पाइपलाइन बिछाने का दावा किया गया। मगर जमीनी समस्याओं और लंबित कार्यों ने अफसरों का पारा चढ़ा दिया। लापरवाही पर एलएंडटी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए, जबकि जीवीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर को टर्मिनेशन नोटिस तक की चेतावनी दे दी गई। रैपुरा योजना में गृह जल संयोजन, डिजाइन और प्रेशर टेस्टिंग की खामियों को तत्काल दुरुस्त करने के आदेश दिए गए। मंदाकिनी ब्रिज के पास रुके कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने को कहा गया। वहीं आजीआरएस पोर्टल पर केवल 55 प्रतिशत शिकायत निस्तारण मिलने पर प्रशासन ने नाराजगी जताते हुए शत-प्रतिशत समाधान का लक्ष्य तय किया। एडीएम ने साफ कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं में अब किसी भी स्तर की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

### खरीफ फसलों के बीजों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू, 10 मई तक आवेदन

**चित्रकूट।** खरीफ 2026 की तैयारियों के बीच कृषि विभाग ने किसानों के लिए अनुदानित बीजों की ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बार पहले आओ पहले पाओ व्यवस्था खत्म कर ई-लॉटरी सिस्टम लागू किया गया है, जिससे किसानों में उत्सुकता बढ़ गई है। मूंग, उड़द, अरहर, तिल, मूंगफली, सोयाबीन, धान और दैचा जैसी फसलों के बीज सामान्य वितरण तथा निःशुल्क मिनीकिट योजना के तहत दिए जाएंगे। विभाग के अनुसार विकासखंडवार लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं और दर्शन पोर्टल-1 पर 22 अप्रैल से बुकिंग शुरू हो चुकी है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई तय की गई है। लक्ष्य से अधिक आवेदन होने पर लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी से होगा। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि समय रहते पोर्टल पर आवेदन कर 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज प्राप्त करने की योजना का लाभ उठाएं।

## खोही परिक्रमा मार्ग पर डीएम का छापा, बंद शौचालय व टूटी व्यवस्थाओं से हड़कंप

- पर्यटन विभाग की खुली पोल
- अब जवाबदेही की बारी किसकी?

अखंड भारत संदेश



रोपवे का निरीक्षण करते डीएम

**चित्रकूट।** जिले में पर्यटन व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत उस समय खुलकर सामने आ गई जब 06 मई को जिलाधिकारी ने खोही परिक्रमा मार्ग स्थित रोपवे और लक्ष्मण पहाड़ी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई व्यवस्थाएं सवालों के घेरे में नजर आईं। डीएम ने रोपवे की कार्यप्रणाली पर गंभीरता दिखाते हुए संयुक्त निदेशक पर्यटन से अनुबंध की तिथि, शर्तें और प्रतिदिन होने वाली आय का विस्तृत ब्यौरा तलब कर लिया। साथ ही पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था विकसित करने और वन विभाग से समन्वय बनाकर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। लक्ष्मण पहाड़ी में पर्यटन विभाग द्वारा लगाए गए झूले क्षतिग्रस्त पाए गए, जिस पर डीएम ने तत्काल मरम्मत कराने के आदेश दिए। सबसे ज्यादा नाराजगी तब दिखी जब सामुदायिक शौचालय तालाबंद मिला और आसपास गंदगी फैली मिली। जानकारी में सामने आया कि शौचालय अब तक नगर पालिका को हस्तांतरित ही नहीं किया गया। इस पर डीएम ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए शीघ्र हैंडओवर और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## चित्रकूट में महिला आयोग की दस्तक अफसरों की फाइलों में मचने लगी हलचल



महिला आयोग सदस्य प्रतिभा कुशवाहा

**चित्रकूट।** जिले में महिलाओं से जुड़ी शिकायतों और लंबित मामलों की हकीकत अब सीधे राज्य महिला आयोग के सामने खुलने वाली है। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा 7 व 8 मई को जनपद भ्रमण पर रहेंगी। 7 मई की शाम उनका आगमन निरीक्षण भवन कर्वी में होगा, जिसके बाद वह कामतानाथ मंदिर परिक्रमा व गंगा आरती में शामिल होंगी। वहीं 8 मई को सुबह जेल निरीक्षण, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय शिवरामपुर का निरीक्षण तथा ग्राम पंचायत भारतपुर में जनचौपाल, जनसुनवाई और कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान मार्च और अप्रैल 2026 में महिलाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों, उनके निस्तारण तथा लंबित मामलों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सूचनाओं सहित समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

**चित्रकूट।** जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। सढ़वा निवासी 18 वर्षीय देव कुमार प्रजापति अपनी बुआ के घर बसेला गांव शादी की तैयारियों में मदद करने जा रहा था, तभी बकरही गांव के पास सड़क पार कर रही आशा मिश्रा को उसकी बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। देव कुमार मुंबई में मजदूरी कर परिवार का सहारा था और एक दिन पहले ही घर लौटा था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## आदर्श नगर में भक्ति का महासंगम, श्रीराम-हनुमान मिलन ने बांधा समां



**मऊ (चित्रकूट)।** नगर पंचायत स्थित आदर्श नगर पहाड़ पुरवा में चल रहे ग्यारह कुण्डीय महायज्ञ एवं श्रीराम कथा में गुरुवार को भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के चौथे दिन श्रीराम और हनुमान जी के प्रथम मिलन का मार्मिक प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास रघुनाथ महाराज सतना ने बताया कि किस प्रकार हनुमान जी ने ब्राह्मण वेश धारण कर प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण से भेंट की थी। राम-सुग्रीव मैत्री, बाली वध और माता सीता की खोज के लिए वानर सेना भेजे जाने के प्रसंगों का भी जीवंत वर्णन किया गया। कथा के दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। देर रात तक श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते रहे। कार्यक्रम संरक्षक स्वामी बृजकिशोर दास महाराज एवं आयोजक पवन दास महाराज ने श्रद्धालुओं से धर्म लाभ लेने की अपील की।

### बिजहना कोलान और सेहरिन में विशाल नेत्र शिविर, 150 मरीजों की जांच

**चित्रकूट।** जिले के दुर्गम पाठा क्षेत्र में उस समय उम्मीद की नई रोशनी दिखाई दी, जब बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र बिजहना कोलान बड़ी मडैयन एवं कम्पोजिट विद्यालय सेहरिन में विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 150 ग्रामीण मरीजों की आंखों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई। जिन लोगों को दृष्टिदोष की समस्या मिली, उन्हें निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को बेहतर उपचार के लिए चित्रकूट रेफर किया गया। शिविर में ग्रामीणों को आंखों की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। प्रखर पटेल ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। समाजसेवी मुकेश कुमार ने बताया कि पाठा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती है। कार्यक्रम में कई चिकित्सक, समाजसेवी एवं क्षेत्रीय सहयोगी मौजूद रहे।

### चित्रकूट में 14 सहायक अध्यापकों की चयन सूची जारी, दस्तावेज सत्यापन का बुलावा

**चित्रकूट।** जिले के अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया तेज हो गई है। शिक्षा निदेशक (बेसिक) के निर्देश पर जनपद में कुल 14 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है, जिनमें सामाजिक विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित/विज्ञान और संस्कृत विषय शामिल हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने चयनित अभ्यर्थियों को 08 मई को सुबह 11 बजे मूल शैक्षिक अभिलेखों एवं स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# पाक सेना ने हाफिज सईद-मसूद अजहर के लिए लड़ी लड़ाई

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पड़ोसी देश का सबसे बड़ा कबूलनामा सुना आपने?

**पाकिस्तान**

**ऑपरेशन** सिंदूर की पहली बरसी से कुछ दिन पहले, लश्कर-ए-तैबा से जुड़े एक कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी नेता की कथित टिप्पणियों ने आतंकी समूहों के साथ पाकिस्तान के संबंधों की फिर से जांच शुरू कर दी है। नेता ने दावा किया कि पिछले साल भारत द्वारा हाफि ज सईद और मसूद अजहर जैसे नामित आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने उनके लिए लड़ाई लड़ी। पाकिस्तानी नेता शाहिर सियालवी ने कथित तौर पर लश्कर-ए-तैबा से जुड़े एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं, जहां उन्होंने कहा कि "पहली बार पाकिस्तानी सेना ने हाफि ज सईद और मसूद अजहर के लिए लड़ाई लड़ी। लश्कर-ए-तैबा के संस्थापक हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख



मसूद अजहर संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी हैं। खबरों के अनुसार, इस कार्यक्रम में मुजम्मिल इकबाल हाशमी भी शामिल थे, जिन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका ने आतंकवादी घोषित किया है। सियालवी ने कथित तौर पर यह भी कहा कि भारत ने मुरीदके और बहावलपुर में उन ठिकानों पर हमले किए थे, जहां कई आतंकवादी मारे गए थे। उन्होंने दावा किया कि हमलों के बाद, पाकिस्तान ने अपने संदेश में बदलाव करते हुए मारे गए लोगों को आतंकवादी के बजाय "स्वतंत्रता सेनानी" के रूप में पेश किया।

हमलों के बाद अंतिम संस्कार को लेकर दावे रिपोर्ट किए गए बयानों के अनुसार, मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार मौलवियों द्वारा नहीं, बल्कि पाकिस्तानी सेना के धार्मिक अधिकारियों द्वारा किए गए थे। सियालवी ने आगे दावा किया कि वदीर्धारी कर्मियों ने शवों को कंधा दिया, जिसे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संकेत देने का प्रयास बताया कि मृतक आतंकवादी नहीं बल्कि एक उद्देश्य के लिए लड़ने वाले "योद्धा" थे। यदि ये बयान सत्यापित होते हैं।

# भारत पूरी एकजुटता से आपके साथ है



**पश्चिम एशिया**

**भारत** ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक तेल उद्योग परिसर पर ईरानी हमलों की निंदा की, जिसमें तीन भारतीय घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने को अस्वीकार्य बताया। संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह पेट्रोलियम इंडस्ट्रीज जोन को ड्रोन और मिसाइलों से निशाना बनाया गया। यह हमला अमेरिकी प्रशासन द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए शुरू की गई परियोजना 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के तुरंत बाद हुआ। ईरान ने पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर रखा है। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा यूएई पर हुए हमलों की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिनमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। उन्होंने आगे कहा कि भारत यूएई के साथ पूरी तरह एकजुट है और संवाद और कूटनीति के माध्यम से सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपना समर्थन दोहराता है।

मोदी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे पहले, विदेश मंत्रालय के एक बयान में भी फुजैराह पर हुए हमले को अस्वीकार्य बताया गया था। बयान में कहा गया, हम इन शत्रुताओं को तत्काल समाप्त करने और नागरिक बुनियादी ढांचे और निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने को रोकने का आह्वान करते हैं। मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता बहाल करने और स्थिति से निपटने के लिए संवाद और कूटनीति के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया। इसने अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप होर्मुज जलडमरूमध्य से निर्बाध नौवहन और व्यापार का आह्वान किया और कहा कि भारत समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए तत्पर है।

प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया पोस्ट और विदेश मंत्रालय के बयान दोनों में ईरान का सीधा जिक्र नहीं किया गया। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान पर सोमवार को मिसाइलों और ड्रोन हमलों का आरोप लगाया है, जिसमें पूर्वी अमीरात फुजैराह में तेल उद्योग परिसर पर हमला भी शामिल है।

# 10 ठिकानों को बनाया निशाना, पाकिस्तान सेना को भारी नुकसान का दावा

**पाकिस्तान**

**बलूचिस्तान** लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने रविवार को बलूचिस्तान भर में 10 हमलों की जिम्मेदारी ली है। बलूचिस्तान पोस्ट (टीबीपी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीएफएलएफ ने दावा किया है कि खारान, वाशुक, अवारान, केच और मस्तुंग में हुए हमलों में 10 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी और चार ऐसे व्यक्ति मारे गए हैं जिन्हें उसने राज्य एजेंट बताया है। एक बयान में बीएफएलएफ के प्रवक्ता मेजर ग्वाहरम बलूच ने कहा कि समूह के लड़ाकों ने फ्रंटियर कोर की चौकियों, सैन्य शिविरों, एक काफिले, सड़क निर्माण कंपनी की सुरक्षा में तैनात कर्मियों और उन व्यक्तियों को निशाना बनाया जिन्हें उसने डेथ स्क्वाड एजेंट और राज्य एजेंट करार दिया। टीबीपी की रिपोर्ट के अनुसार, समूह ने यह भी दावा किया कि इन अभियानों के दौरान हथियार जब्त किए गए और निगरानी कैमरे नष्ट कर दिए गए।

बीएलएफ ने कहा कि 3 मई को, उसके लड़ाकों ने खारान शहर में गाजी रोड पर स्थित एक एफसी चौकी पर रॉकेट और ग्रेनेड लॉन्चर से हमला किया। उनका दावा है कि मिसाइलें चौकी के अंदर गिरीं, जिसके परिणामस्वरूप हताहत और क्षति हुई। बयान में आगे आरोप लगाया गया कि पाकिस्तानी सेना ने पास के नागरिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी करके जवाबी कार्रवाई की और क्वाडकॉप्टरों का इस्तेमाल करके हमलावरों का पीछा करने की कोशिश की।



बीएलएफ ने दावा किया कि उसके लड़ाके सुरक्षित स्थानों पर पीछे हटने में कामयाब रहे। समूह ने कहा कि उसने 2 मई को नाग-ग्रारी क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया, जिसमें दो व्यक्तियों को मार गिराया गया, जिन्हें उसने "सशस्त्र डेथ स्क्वाड एजेंट" बताया। बीएलएफ के अनुसार, उसके लड़ाकों ने उनसे दो कलाश्निकोव राइफलें और एक मोटरसाइकिल जब्त की। समूह ने कहा कि यह थोड़े समय के भीतर इस क्षेत्र में दूसरा ऐसा अभियान था, जिसमें 17 मार्च के हमले का जिक्र किया गया, जिसमें उसने दावा किया कि तीन कथित ऑपरेटिव मारे गए और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। बीएलएफ ने बताया कि उसके लड़ाकों ने 29 अप्रैल को तिरतीज में मुख्य पाकिस्तानी सैन्य शिविर को निशाना बनाया। टीबीपी की रिपोर्ट के अनुसार, बीएलएफ ने दावा किया कि हमले की शुरूआत एक स्नाइपर शॉट से हुई जिसमें ड्यूटी पर तैनात एक सैनिक मारा गया।

# ईरान को पैसा देना बंद करने की चेतावनी



**ईरान**

**अमेरिकी** वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने ईरान के साथ ऊर्जा संबंध बनाए रखने के लिए चीन पर आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजक देश को वित्त पोषण" करने का आरोप लगाया है और जोर देकर कहा है कि बीजिंग को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने" के लिए वाशिंगटन की पहलों का समर्थन करना चाहिए। वित्त मंत्री की बीजिंग-तेहरान संबंधों पर यह तीखी आलोचना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के लिए बीजिंग यात्रा से कुछ ही दिन पहले आई है। बेसेंट ने तर्क दिया कि चीन का भारी मात्रा में ऊर्जा आयात सीधे तौर पर ईरानी शासन को मजबूत कर रहा है। बेसेंट ने सोमवार को समाचार चैनल से कहा, ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा प्रायोजक देश है, और चीन उनकी 90 प्रतिशत ऊर्जा खरीद रहा है, इसलिए वे आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजक देश को वित्त पोषण कर रहे हैं। बढ़ती बयानबाजी के बावजूद, अमेरिकी अधिकारी ने बीजिंग से अपना रुख बदलने और रणनीतिक जलमार्ग को सुरक्षित करने के लिए वाशिंगटन के नेतृत्व वाले अभियान में भाग लेने का आग्रह किया, जो वर्तमान में ईरान द्वारा अवरुद्ध है। क्षेत्रीय अशांति पर प्रकाश डालते हुए बेसेंट ने कहा कि ईरान के हमलों ने जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। हम इसे फिर से खोल रहे हैं। इसलिए मैं चीन से आग्रह करूंगा कि वह इस अंतरराष्ट्रीय अभियान में हमारा साथ दे। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा हाल ही में घोषित "प्रोजेक्ट फ्रीडम" के बाद यह आह्वान किया गया है, जिसका उद्देश्य जलमार्ग में फंसे जहाजों को "मार्गदर्शन" देना है। ट्रंप ने पहले ही तेहरान को इस मिशन में किसी भी प्रकार की बाधा डालने के प्रयास के खिलाफ चेतावनी दी है।

# चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर एक यात्री के पावर बैंक में आग लगने के बाद इंडिगो की फ्लाइट को



**हैदराबाद**

**चंडीगढ़** हवाई अड्डे पर एक यात्री के पावर बैंक में आग लगने के बाद आपातकालीन निकासी अभियान चलाया गया। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना हैदराबाद से चंडीगढ़ जा रही इंडिगो की फ्लाइट में हुई। इंडिगो एयरलाइंस ने प्रेस को दिए एक बयान में पुष्टि की 5 मई 2026 को, हैदराबाद से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ए 108 लैंडिंग के बाद स्थिर थी, तभी एक यात्री के व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में आग लगने की घटना की सूचना मिली। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, तत्काल निकासी की गई और सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से टर्मिनल तक पहुँचा दिया गया है और उनकी देखभाल के लिए टीम तैनात है। परिचालन फिर से शुरू करने से पहले विमान की आवश्यक जाँच की जाएगी। इंडिगो ने आगे कहा हमारे यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सहयात्रियों द्वारा साझा किए गए दृश्यों के आधार पर, विमान में सवार यात्रियों को रनवे पर विमान से बाहर निकलते हुए देखा गया। यात्रियों ने आगे बताया कि आग लगने के कारण विमान का केबिन धुएं से भर गया था। लगभग पांच यात्रियों के घायल होने की आशंका है ।

# भारत- वियतनाम संग दोस्ती के 10 साल

**वियतनाम**

**वियतनाम** के राष्ट्रपति के महासचिव तो लाम मंगलवार दोपहर को भारत की राजधानी में पहुंचे। यह उनकी भारत की पहली राजकीय यात्रा है। नई दिल्ली पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया और मंत्री नित्यानंद राय ने उनसे मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में उनके आगमन की जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस वर्ष हम भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। यह यात्रा हमारे बहुआयामी और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को



और मजबूत करेगी। आज सुबह बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम का गयाजी पहुंचने पर हार्दिक स्वागत किया। वे भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में सहायक होगी। चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि हमने वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम का गयाजी पहुंचने पर हार्दिक स्वागत किया। गयाजी आध्यात्मिकता, संस्कृति और विरासत से समृद्ध नगर है। वियतनाम कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव राष्ट्रपति तो लाम 7 मई तक भारत में रहेंगे। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से यह उनकी भारत की पहली यात्रा है। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, 6 मई को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में वियतनामी नेता का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उच्च स्तरीय वार्ता होगी, जिसमें दोनों नेता राष्ट्रपति तो लाम के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा करेंगे ।

# पाकिस्तान में एक साल में सैकड़ों लोग 'गायब', एचआरसीपी रिपोर्ट ने खोली पोल

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में पाकिस्तान में मानवाधिकारों की स्थिति में उल्लेखनीय गिरावट आई है, जिसके मुख्य कारण नागरिक स्वतंत्रता में कमी, न्यायिक स्वतंत्रता पर बढ़ता दबाव और बिगड़ता सुरक्षा वातावरण हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, 'स्टेट ऑफ ह्यूमन राइट्स इन 2025' नामक यह रिपोर्ट संस्थागत क्षरण और बढ़ते अधिनायकवादी रुझानों का चिंताजनक विवरण प्रस्तुत करती है। इस्लामाबाद में प्रकाशित द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, यह रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि असहमति पर कड़े प्रतिबंध, राज्य के बढ़ते अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कानूनी सीमाओं ने सामूहिक रूप से लोकतांत्रिक मानदंडों को कैसे कमजोर किया है।

एचआरसीपी के वरिष्ठ नेतृत्व, जिनमें अध्यक्ष असद इकबाल बट, पूर्व अध्यक्ष हिना जिलानी, सह-अध्यक्ष मुनिजे जहांगीर, उपाध्यक्ष नसरीन अजहर और महासचिव हैरिस खालिक शामिल थे, लॉन्च के अवसर पर उपस्थित थे।

मीडिया को संबोधित करते हुए, बट ने निष्कर्षों को बेहद चिंताजनक बताया और दस्तावेज को एक सामान्य मूल्यांकन के बजाय "आर्पशीट" कहा। उन्होंने खुलासा किया कि वर्ष के दौरान 273 व्यक्तियों को जबरन गायब कर दिया गया।

हालांकि 13 लोगों को अंततः राज्य एजेंसियों की हिरासत में पाया गया, लेकिन कई अन्य लोगों का पता अभी भी अज्ञात है, जिससे जवाबदेही और उचित प्रक्रिया




के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। उन्होंने कहा कि संदिग्धों को गैरकानूनी रूप से हिरासत में रखने के बजाय अदालतों के समक्ष पेश किया जाना चाहिए।

खालिक ने इस बात पर जोर दिया कि रिपोर्ट में संवैधानिक उल्लंघनों और व्यवस्थागत दुर्व्यवहारों के व्यापक साक्ष्य संकलित किए गए हैं, जो सभी दस्तावेजी और सत्यापन योग्य हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, निष्कर्ष अधिकारों के उल्लंघन के एक निरंतर पैटर्न का संकेत देते हैं, जो संस्थागत सुरक्षा उपायों के व्यापक पतन को दशार्ता है।

रिपोर्ट में उजागर की गई एक प्रमुख चिंता अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बढ़ते प्रतिबंध हैं। सत्ता पर सवाल उठाने और जवाबदेही मांगने की क्षमता लगातार कम होती जा रही है, जिसका कानून के शासन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, रिपोर्ट चेतावनी देती है कि दमन का यह माहौल मौलिक स्वतंत्रता को कमजोर करता है और लोकतांत्रिक लचीलेपन को नुकसान पहुंचाता है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# नेपाल के नए नियम के बाद बॉर्डर पर फंस गए 1000 से ज्याजा कंटेनर, मचा बवाल!

**नेपाल**

**जब** नियम अचानक बदल जाते हैं तो बाजार सबसे पहले हिलता है। नेपाल में इस समय कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। भारत से आने वाले सामान पर नए कस्टम नियमों ने पूर्ण व्यापार तंत्र को झटका दे दिया है। बॉर्डर पर ट्रकों की लंबी कतारें, कंटेनरों का जाम और बाजार में संभावित महंगाई। यह सब मिलकर एक बड़ा आर्थिक संकट बनने की ओर इशारा कर रहे हैं। दरअसल, नेपाल सरकार ने 28 अप्रैल से एक नया आदेश लागू किया। इस आदेश के मुताबिक भारत से आने वाले हर सामान पर कस्टम क्लीयरेंस से पहले एमआरपी यानी कि मैक्सिमम रिटेल प्राइस का लेवल होना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार कहना है कि अगर किसी सामान की कीमत 100 नेपाली रुपए से ज्यादा है तो उस पर कस्टम ड्यूटी लगेगी और यह ड्यूटी तभी लगेगी जब उस सामान पर पहले से एमआरपी लिखा हो। मतलब अब हर एक प्रोडक्ट पर पहले से कीमत लिखना जरूरी है। तभी वह नेपाल में एंट्री ले पाएगा। इस नियम के लागू होते ही व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया।

पिछले चार दिनों से बड़े पैमाने पर आयात रोक दिया गया। 1000 से ज्यादा कंटेनर बॉर्डर पर फंसे हुए हैं। भारतनेपाल बॉर्डर पर ट्रकों की लंबी लाइनें लग चुकी हैं। विराट नगर जैसे बड़े कस्टम पॉइंट्स पर हालात और भी खराब हैं। तो वहीं कस्टम अधिकारियों का साफ कहना है कि सिर्फ वही सामान वापस हो रहा है जिसमें पहले



से एमआरपी लिखा हुआ है। बाकी सब रुका हुआ है। अब जरा व्यापारियों का पक्ष भी समझ लीजिए। उनका कहना है कि यह नियम व्यवहारिक नहीं है क्योंकि एक कंटेनर में हजारों अलग-अलग प्रोडक्ट होते हैं। हर एक पर अलग से एमआरपी लगाना आसान नहीं है। अगर बॉर्डर पर पैकेट खोलकर लेवल लगाना पड़े तो सामान खराब हो सकता है। पैकेजिंग टूट सकती है। लागत बढ़ जाएगी और सबसे बड़ी बात डैमज और डिटेंशन चार्ज भी लगने लगेंगे। यानी हर दिन का अतिरिक्त खर्च। अब अगर यही हालात रहे तो नेपाल के बाजार में सामान की कमी हो सकती है। कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं।

महंगाई बढ़ने का खतरा है और सोचिए रोजमर्रा का सामान ही नहीं पहुंचेगा तो क्या होगा? हालांकि नेपाल सरकार ने हालिया फजीहत के बाद भंसार यानी कस्टम नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए यात्रियों के निजी सामान पर शुल्क छूट की नई व्यवस्था लागू कर दी है। यह प्रावधान नेपाल राज्य पत्र के तहत जारी अधिसूचना के अनुसार प्रभावी हो गया है। अब चलिए जान लीजिए किन चीजों को मिली है राहत सबसे बड़ी पेट्रोलियम उत्पाद पर और दूसरा औद्योगिक कच्चा माल। जल्दी खराब होने वाले सामान, फल, सब्जी इनकी क्लीयरेंस जारी है। अब आप सोच रहे होंगे कि सरकार ने ऐसा नियम ही क्यों बनाया? यानी कि नेपाली सरकार ने। दरअसल नेपाल सरकार पिछले 10 साल से एमआरपी सिस्टम लागू करना चाहती थी। साल 2012 में भी इस पर नोटिस जारी हुआ था। मकसद था उपभोक्ताओं को सही कीमत मिले, ओवरचार्जिंग रुके, मार्केट में पारदर्शिता आए। लेकिन इस बार इसे अचानक लागू कर दिया गया और यहीं से विवाद शुरू हो गया। यह सिर्फ एक टैक्स का मामला नहीं है। यह है नीति बनाम व्यवहारिकता। क्योंकि सरकार कह रही है कि नियम जरूरी है।